## गोवा अवैध खनन मामला- ईडी ने 1,024 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की

### -भारत और सिंगापुर में सलगांवकर समूह की संपत्तियों पर शिकंजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा के चर्चित अवैध लौह अयस्क खनन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सलगांवकर समूह (एवीएस ग्रुप) और उससे जुड़ी कंपनियों की 1,023.85 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं। इनमें भारत और सिंगापुर में स्थित अचल संपत्तियां तथा भारतीय कंपनियों के शेयर शामिल हैं। ईडी के अनुसार, अटैच की गई संपत्तियों में भारत की 99 अचल संपत्तियां, जिनकी कीमत लगभग 459.10 करोड़ रुपये है, शामिल हैं। इसके अलावा सिंगापुर में स्थित 31 संपत्तियां, जिनका मूल्य 471.32 करोड़ रुपये बताया गया है, भी कार्रवाई के दायरे में आई हैं। भारतीय कंपनियों के 93.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर भी जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी का आरोप है कि एवीएस समूह ने वर्ष 2007 से 2012 के बीच गोवा में 10 खनन पट्टों के माध्यम से अवैध रूप से लौह अयस्क का खनन, बिक्री और निर्यात किया। ईडी के अनुसार इस गतिविधि से 2,492.95 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। एजेंसी ने दावा किया है कि लौह अयस्क के निर्यात में कीमतों को कम दिखाया गया और विदेशी शेल कंपनियों के माध्यम से चीन को निर्यात किया गया। जांच के दौरान कथित अपराध से अर्जित कुल आय 5,237.84 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। ईडी की इस कार्रवाई को गोवा के अवैध खनन मामलों में अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले समय में अन्य संपत्तियों तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## पटाखा फैक्ट्री में धमाका, एक की मौत, 25 झुलसे

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के मसारपट्टी गांव में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया। इस दर्दनाक हादसे में एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 25 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री परिसर का एक हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। सप्ताहांत होने के कारण फैक्ट्री में 50 से ज़्यादा कर्मचारी मौजूद थे। कुछ अपनी हफ्ते भर की मजदूरी ले रहे थे तो कुछ पटाखे बना रहे थे। अचानक एक कमरे में रखे पटाखों में धमाका हो गया यह घटना शनिवार शाम को हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

## बरेली में मुठभेड़ में चार डकैत गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली

बरेली (एजेंसी)। पुलिस ने चुरेली नहर पुलिया के पास देर रात दो महिलाओं से कुंडल लूटने वाले चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए। देवरनिया के कनमन गांव निवासी चंद्रपाल ने अपनी पत्नी व सलहज के साथ लौटते समय हुई कुंडल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सर्विलांस व एसओजी टीम की मदद से जांच में छह बदमाशों की संलिप्तता पाई। देर रात पुलिस टीम पचपेड़ा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी, तभी दो बाइक पर सवार छह संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस को देख वे भागे, पीछा करने पर उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद चार बदमाश खेतों की ओर भागे और पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में विकास और सौरभ के पैर में गोली लगी। पुलिस ने विकास, सौरभ, ललित और सचिन नामक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, जो नवाबगंज के पड़री गांव निवासी हैं। आरोपितों के पास से लूटे गए कुंडल, तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं। घटना में शामिल उनके दो साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

## तमिलनाडु में शराब बाज़ार खुलेगा ग्लोबल कंपनियों के लिए

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु शराब के कारोबार में बड़े बदलाव की तैयारी है, जहाँ ग्लोबल कंपनियों के प्रवेश से बाजार का स्वरूप बदल सकता है। विजय सरकार का विचार है कि इस कदम से न केवल एक्साइज राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि शराब के ज्यादा विकल्प मिलने से पड़ोसी राज्यों जैसे बेंगलुरु और पुडुचेरी की ओर जाने वाले ग्राहकों को रोका जा सकता है। अभी तक बाजार कई सालों से लोकल डिस्टिलरी के दबदबे में रहा है, जिससे ग्राहकों के पास ब्रांड्स के सीमित विकल्प थे। विजय सरकार का मानना है कि बाज़ार को ग्लोबल ब्रांड्स के लिए खोलने से कस्टमर्स को बनाए रखने और नए कस्टमर्स को आकर्षित करने में मदद मिलेगी, जिससे राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। इन बदलावों के तहत, तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन (टीएएसएमएसी) की दुकानों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि इसका मकसद ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाना और उन्हें खरीदारी के लिए अच्छा माहौल देना है। हाल ही में 717 टीएएसएमएसी आउटलेट्स के बंद होने से करोड़ों रुपए का रेवेन्यू नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई और ग्राहकों को ज्यादा विकल्प देने के लिए, सरकार शराब के और भी ब्रांड्स को बेचने की इजाजत देने की योजना बना रही है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड्स भी शामिल की जाएंगे। यह नई नीति ग्राहकों को विविधता प्रदान करने और उन्हें तमिलनाडु में ही खरीदारी करने के लिए प्रेरित करेगी। रेवेन्यू के नुकसान को रोकना एक्साइज डिपार्टमेंट की एक और अहम प्राथमिकता है। एक अधिकारी ने बताया कि डिपार्टमेंट में पॉलिटिकल कनेक्शन वाले अधिकारियों का ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि रेवेन्यू लीकेज को पूरी तरह से रोका जा सके। यह नीतिगत बदलाव राज्य के शराब बाज़ार को नया आयाम दे सकता है और सरकार के राजस्व में महत्वपूर्ण वृद्धि ला सकता है।

## सांसद अभिषेक के करीबी पर शिकंजा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के करीबी सहयोगी सुमित रॉय के खिलाफ पश्चिम मेदिनीपुर के देबरा थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। फरार चल रहे सुमित पहले से भूमि कब्जा मामले में भी आरोपी हैं। शिकायत में पूर्व विधायक सुजॉय हाजरा का नाम भी शामिल है। पुलिस और सीआईडी मामले की जांच कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, सुमित रॉय पहले से ही एक कथित भूमि कब्जा (लैंड ग्रैब) मामले में आरोपी हैं। इस मामले में उनकी तलाश की जा रही है और पश्चिम बंगाल पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। रॉय काफी समय से फरार बताए जा रहे हैं।

# बीजेपी ने की दो-तिहाई बहुमत की जुगाड़, लोकसभा में पास होगा परिसीमन बिल !

### -टूट की सियासी घटना ने एनडीए सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी दलों में लगातार हो रही टूट की सियासी घटना ने केंद्र की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। सरकार में यह भरोसा बढ़ रहा है कि अगले महीने शुरू होने वाले संसद के मॉनसून सत्र तक वे संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरुरी दो-तिहाई बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लेंगे। एक रिपोर्ट में एक केंद्रीय मंत्री के हवाले से बताया गया है कि हमें पूरा भरोसा है कि मॉनसून सत्र तक हम महिला आरक्षण को लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए परिसीमन से जोड़ने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरूरी संख्या बल जुटा लेंगे।



केंद्र सरकार दो बेहद अहम संविधान संशोधन विधेयकों को संसद से हरी झंडी दिखाने की तैयारी में है, जिनके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य है। महिला आरक्षण और परिसीमन। इस कानून के जरिए देश में महिला आरक्षण को लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और सीमाओं को दोबारा तय करने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। बीजेपी साल 2029 के आम चुनाव से काफी पहले पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का कानून बनाना चाहती है। बीजेपी रणनीतिकारों का मानना है कि एक साथ चुनाव होने से पार्टी को राज्य चुनावों में भी राष्ट्रीय मुद्दों जैसे सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय गौरव पर वोट मांगने का सीधा लाभ मिलेगा।

बता दें 540 की प्रभावी संख्या वाली वर्तमान लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 वोटों की जरुरत है। लोकसभा में एनडीए की वर्तमान ताकत 293 है। तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 बागी सांसदों के जुड़ने की उम्मीद है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 बागी सांसदों के आने की संभावना है। इन दोनों को मिलाकर यह आंकड़ा 319 तक पहुंच जाता है, जो अभी भी 360 के लक्ष्य से दूर है। हालांकि बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने बताया है कि वह इस बात से पूरी तरह आश्वस्त हैं कि 37 लोकसभा सांसदों वाली समाजवादी पार्टी समेत कई अन्य विपक्षी दल अगले कुछ हफ्तों में बड़ी बगावत का स्वाद चखने वाले हैं। बीजेपी के एक सूत्र ने कहा कि अगले कुछ हफ्तों में कई विपक्षी दलों के भीतर ऐसे राजनीतिक भूकंप आने वाले हैं, जो उन्हें अंदर से पूरी तरह खोखला कर देंगे।

विपक्ष को डर है कि पूरे देश में होने वाला यह नया परिसीमन बीजेपी को एक स्थायी संरचनात्मक लाभ दे सकता है। विपक्षी दल असम में हुए परिसीमन का उदाहरण देते हैं, जहां कुछ खास आबादी वाले क्षेत्रों की सीमाओं को इस तरह बदला जिससे विपक्ष की पारंपरिक सीटों का गणित बिगड़ गया। लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी सरकार पर राजनीतिक लाभ के लिए विपक्षी नेताओं के निर्वाचन क्षेत्रों को मनमाने ढंग से बदलने का आरोप लगाया था। हालांकि, सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है। सरकार का तर्क है कि 1971 की जनगणना के बाद से आबादी में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सीटें नहीं बढ़ाई गई हैं, इसलिए यह सुधार अब अपरिहार्य हो चुका है। बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों को तोड़ना और देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलने वाले ऐतिहासिक कानूनों को पारित कराना पीएम मोदी की उस विरासत का हिस्सा है, जिसे वे देश के सामने छोड़ना चाहते हैं।

## अकासा एयर फ्लाइट को मिली बम की धमकी से हड़कंप

श्रीनगर (एजेंसी)। श्रीनगर एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब अकासा एयर की एक उड़ान में बम होने की धमकी से जुड़े तीन हस्तलिखित नोट बरामद हुए। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की विस्तृत जांच के बाद विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली और धमकी को झूठा करार दिया गया। जानकारी के अनुसार, अकासा एयर की फ्लाइट संख्या क्यूपी-1121 मुंबई से श्रीनगर पहुंची थी। विमान के सुरक्षित लैंड करने और यात्रियों के उतरने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत नियमित एंटी-सबोटेज जांच की जा रही थी। इसी दौरान विमान के अंदर तीन हस्तलिखित नोट मिले, जिनमें बम होने की धमकी दी गई थी। धमकी भरे नोट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया तथा पूरे विमान की गहन तलाशी ली गई। इसके साथ ही बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी की आपात बैठक भी बुलाई गई। सुरक्षा एजेंसियों ने सभी पहलुओं की जांच करने के बाद पाया कि विमान में कोई विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु मौजूद नहीं थी। कमेटी ने इस धमकी को अफवाह और शरारतपूर्ण हरकत करार दिया। घटना के बाद श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस दौरान हवाई सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा और अन्य उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। यात्रियों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। जांच पूरी होने और विमान को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद उसे आगे की उड़ान के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद वही विमान फ्लाइट संख्या क्यूपी-1122 के रूप में अपनी अगली यात्रा पर रवाना हुआ। इस मामले में अकासा एयर ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब विमान में धमकी भरे नोट छोड़ने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में जुटी है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की धमकी को गंभीरता से लिया जाता है और ऐसी घटनाओं में कड़ी कार्रवाई की जाती है।

## समंदर में बढ़ी भारत की ताकत, नौसेना में शामिल हुए तीन स्वदेशी युद्धपोत

### -पीएम मोदी बोले- भारत अब केवल हथियारों का खरीदार नहीं, बल्कि आधुनिक रक्षा उपकरणों का निर्यातक भी बना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को और मजबूत करते हुए रविवार को तीन स्वदेशी युद्धपोतों को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अग्रय तथा सर्वे वेसेल लार्ज आईएनएस संशोधक का औपचारिक रूप से कमीशन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अब केवल रक्षा उपकरणों का खरीदार देश नहीं रहा, बल्कि आधुनिक हथियारों और सैन्य तकनीक का निर्माण कर अन्य देशों को निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 21 जून को विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस भी मनाया जाता है और इसी दिन भारत के सबसे आधुनिक हाइड्रोग्राफी जहाज आईएनएस संशोधक का नौसेना में शामिल होना एक महत्वपूर्ण संयोग है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति उसके समुद्री सामर्थ्य पर निर्भर करती है और भारत इस वास्तविकता को भली-भांति समझता है।

पीएम मोदी ने कहा कि आईएनएस विक्रांत से लेकर आज तक की यात्रा केवल नए युद्धपोतों के निर्माण की नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता की यात्रा है। उन्होंने कहा कि आईएनएस अग्रय, आईएनएस दूनागिरी और आईएनएस संशोधक इस अभियान को नई गति प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने शिपबिल्डिंग क्षेत्र में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर और एमआरओ को राष्ट्रीय मिशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे देश की औद्योगिक क्षमता और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा समुद्र को सहयोग और शांति का माध्यम माना है, लेकिन शांति की रक्षा के लिए सामर्थ्य और सुरक्षा भी आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में समुद्री क्षेत्र लाखों युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा स्रोत बनेगा और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में हिजाब और बुर्के में मुस्लिम लड़कियों ने किया योग

### -युवाओं ने पानी के अंदर किया योग, एलजी सिन्हा ने दी शुभकामनाएं

**जम्मू (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह देखने को मिला। देश और दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। इस साल योग दिवस की थीम है स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग। इस आयोजन की खास बात यह रही कि मुस्लिम लड़कियों ने बुर्के और हिजाब में योग किया। बढ़ते तनाव और स्वास्थ्य से जुड़ी आधुनिक चुनौतियों के बीच, योग उम्मीद की एक मजबूत किरण है। योग दिवस के अवसर पर जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने शुभकामनाएं दीं। जम्मू-कश्मीर में इंटरनेशनल डे ऑफ़ योगा के मौके पर समाज के हर वर्ग के हज़ारों लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें सरकारी अधिकारी, पैरामिलिट्री फ़ोर्स के जवान, सैनिक और स्कूली बच्चे शामिल थे।



श्रीनगर में एलजी मनोज सिन्हा ने डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में बड़ी संख्या में योग करने वालों की अगुवाई की। श्रीनगर में योग करने आई एक युवती ने कहा कि योग के कई फायदे हैं। यह सेहत और समग्र कल्याण के लिए बहुत अच्छा है। हम स्कूल में रोज योग का अभ्यास करते हैं। एक और युवती ने कहा कि योग हमारे लिए काफी अहम है। योग करने से लोगों को आंतरिक बीमारियां कम होती हैं। इससे लोग काफी स्वस्थ रहते हैं।

श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर योग दिवस मनाया गया। श्रीनगर एयरपोर्ट की ओर से एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी गई कि श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सुबह 6:45 बजे एयरपोर्ट के अधिकारी, स्टाफ और स्टेकहोल्डर्स श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक योग सत्र में हिस्सा लिया। बीजेपी सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज दुनिया भर में लोग योग कर रहे हैं। बीजेपी नेता रविंदर रैना ने कहा कि आज पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया से योग अपनाने का आह्वान किया था और हर व्यक्ति से इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने का आग्रह किया था।

जम्मू में युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ पानी के अंदर योग सत्र आयोजित किया। प्रतिभागियों ने तैराकी कौशल के साथ वेलनेस को जोड़ते हुए पानी के अंदर योग का अभ्यास किया। श्रीनगर में योग करने आए एक शख्स ने कहा कि योग के कई फायदे हैं। मैं पिछले दो सालों से इसका अभ्यास कर रहा हूं। इससे हमारे फेफड़े स्वस्थ रहते हैं और यह हमें नशे से दूर रहने में मदद करता है।

जम्मू-कश्मीर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा। जम्मू में युवाओं की भागीदारी के साथ एक अनोखे अंडरवॉटर योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस विशेष कार्यक्रम में युवाओं ने पानी के भीतर योगाभ्यास कर फिटनेस, मानसिक संतुलन और तैराकी कौशल का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

## असफल होने के डर से मैं आत्महत्या कर रहा हूं, अम्मा, अप्पा...मुझे माफ कर देना

### नीट की दोबारा परीक्षा में असफल होने के डर से दो अभ्यार्थियों ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा से ठीक एक दिन पहले तेलंगाना के हैदराबाद और तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले से दो अलग-अलग छात्रों के सुसाइड का मामला सामने आया है। हैदराबाद में 19 साल की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। वहीं, तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के होसुर में एक 20 साल के छात्र ने परीक्षा के अत्यधिक दबाव और असफल होने के डर से आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से एक भावुक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें छात्र ने लिखा है कि नीट के डर से उसे पिछले एक महीने से नींद नहीं आ रही थी और इस बार भी असफल होने के डर से वह यह आत्मघाती कदम उठा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक वेट्रियानंथम लगातार तीन सालों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिछले प्रयासों में असफलताओं का सामना करने के बाद, वह अत्यधिक दबाव में था और रविवार को होने वाली परीक्षा में फिर से असफल होने से डर रहा था। शनिवार को जब उसके पिता काम पर गए थे और उनकी मां पास दुकान पर सामान लेने गई थीं, तब वेट्रियानंथम ने घर की छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्र ने सुसाइड नोट में लिखा- नीट के डर से उसे नींद नहीं आ रही थी और इस बार भी असफल होने के डर से मैं यह आत्मघाती कदम उठा रहा हूं। अम्मा, अप्पा, अन्ना...मुझे माफ कर देना।

इस सुसाइड नोट में उसने अपने परिवार के प्रति गहरा प्रेम व्यक्त किया और कहा कि ऐसे माता-पिता और भाई पाकर वे खुद को भाग्यशाली मानता हैं। मृतक की पहचान सी वेट्रियानंथम के रूप में हुई है। वह एक निजी कारखाने में काम करने वाले चिन्नसामी का छोटा बेटा था और होसुर के बागुलुर रोड स्थित तमिलनाडु हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

वहीं तेलंगाना के हैदराबाद से भी ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां मियापुर इलाके में एक 19 साल की नीट परीक्षा के छात्रा ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि मियापुर के एक अपार्टमेंट में अपनी बहनों के साथ रह रही छात्रा शनिवार को फांसी पर लटकी मिली। जांच में पुलिस को मृतक द्वारा लिखा नोट मिला, जिसमें उसने कहा था कि उसकी मौत के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है। शुरूआती जांच में पुलिस को शक है कि छात्रा ने रविवार को होने वाली नीट की दोबारा परीक्षा के दबाव के कारण यह आत्मघाती कदम उठाया होगा।

## बंगाल की जनता ने टीएमसी की राजनीति और उनके नैरेटिव को नकार दिया

### -महुआ मोइत्रा के बयान पर बागी सांसद काकोली घोष ने किया पलटवार

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस और बागी नेताओं के बीच चल रही खींचतान कम नहीं हो रही है। पार्टी की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सीनियर लीडर महुआ मोइत्रा के बयान पर पलटवार किया है। काकोली घोष ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी की राजनीति और उनके नैरेटिव को नकार चुकी है। घोष ने महुआ मोइत्रा के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने बागी सांसदों के सियासी भविष्य पर सवाल उठाए थे।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बागी सांसद काकोली घोष ने कहा कि यह सिर्फ आपकी मनगढ़ंत सोच है। आप अजीब और हकीकत से दूर वाली सोच में जी रही हैं। बंगाल की जनता ने आपको हरा दिया है और उनका जनादेश साफ तौर पर आपकी अराजकता के खिलाफ है। कोई भी आपको या आपकी बातों को स्वीकार नहीं कर रहा है।

बता दें टीएमसी सांसद महुआ मोइत्र ने बागी सांसदों पर तंज कसा था। इसके साथ ही उन्होंने इशारा किया था कि बीजेपी अपना टारगेट पूरा करने के बाद इन लोगों को बाहर फेंक देगी। मोइत्रा ने कहा था कि बीजेपी ने इन लोगों को डीलिमिटेशन बिल पास करने के लिए लिया है। बीजेपी यह बिल पास करने के लिए बहुत उतावली है। डीलिमिटेशन बिल पास हो जाने के बाद इन सांसदों को जैसे लिया है, वैसे ही फेंक दिया जाएगा। उसके बाद न ये हमारे टिकट पर कभी जीत सकेंगे और न बीजेपी उनको कभी टिकट देगी। उनके राजनीतिक करियर खत्म हो चुका है। मोइत्रा के इस बयान के बाद काकोली घोष की प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया है कि टीएमसी के बागी नेताओं और पार्टी नेतृत्व के बीच टकराव अभी थमने वाला नहीं है।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड का प्राचीन गौरव वापस दिलाने को प्रतिबद्ध- योगी आदित्यनाथ

**महोबा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड को उसका प्राचीन गौरव वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. सरकार की परियोजनाएँ अब इस पिछड़े क्षेत्र को बदहाली और बेरोजगारी से उबार कर विकास के कीर्तिमान तय करते हुए समृद्द व सशक्त बना रही है.

महोबा के मोदी ग्राउंड मे रविवार को 697 करोड़ की 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा की बुंदेलखंड को माफिया ने अपनी जागीर बना लिया था. पूर्ववर्ती नकारात्मक और बीमार मानसिकता की सरकारों का संरक्षण पाकर यहां भू माफिया, खनन माफिया, जंगल माफिया आदि सक्रिय रहते हुए इलाके को खोखला कर रहे थे. भाजपा सरकार ने क्षेत्र को माफिया से न सिर्फ मुक्त कराया बल्कि सुरक्षा और सुशासन स्थापित कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है.बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर विकसित किया जा रहा ओद्योगिक गलियारा , डिफेन्स कारिडोर मे रक्षा उपकरणो का उत्पादन ,बीडा के माध्यम से नए शहर को विकसित करके इसकी तस्वीर बदल रही है. बुंदेलखंड की आयुध निर्माण मे प्रगति मिसाल कायम कर रही है.आगे चल कर यह यूपी मे विकास का रोल माडल साबित होगा.

मुख्यमंत्री ने कहा की बुंदेलखंड की समस्याओ के समाधान हेतु सरकार के प्रयास जारी है.हर घर जल योजना से यहां पानी की बड़ी समस्या को निस्तारित कर लिया गया है.महिलाओ को अब घड़े लेकर पानी की तलाश मे भटकना नहीं पड़ता. अर्जुन सहायक परियोजना हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई कर रही है.जिससे अन्नदाता खुशहाल हुआ है.बुंदेलखंड के जल संकट का स्थाई समाधान यहां मौजूद सरोवरो और जलाशयों मे है.जिनमे पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध पेयजल के लिए जल संरक्षण कार्यो को यहां प्रमुखता से संचालित कराया जाएगा.उन्होंने कहा की कभी अराजकता की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश अब बदल चूका है और प्रगति के नित्य नए सोपान तय कर रहा है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा की वीरभाव के लिए देश विदेश मे विख्यात, चंदेलकालीन महोबा नगर को ऊर्जा के केंद्र के रूप मे जाना जाता है. यहां की चंदेल रियासत के महान योद्धाओ आल्हा और ऊदल के शौर्य व साहस की कहानी जग विख्यात है. प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक और पुरातत्विक दृस्टि से समृद्ध महोबा को पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित करने की दिशा मे कदम बढ़ाये है.कजली मेले के अवसर पर महोबा मे एक सप्ताह का महोत्सव आयोजित करके स्थानीय लोक कलाओ एवं संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयास किये जा रहे है. तो इस क्रम मे



नाथ संप्रदाय के महान संत गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखगिरी मे 12 करोड़ से अधिक धनराशि से विकास कार्य पूरे करके उसे प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया गया है. प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण गोरखगिरी पहाड़ी मे रोप वे की स्थापना और वहाँ एडवेंचर टूरीज्म के रूप मे विकसित करने की योजना है.जिससे पर्यटन को बढ़ाया जा सके.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा मे अपने ढाई घंटे के प्रवास दौरान योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम मे सरकार की विभिन्न योजनाओं के कोई डेढ़ दर्जन लाभार्थियों को मंच मे सम्मानित किया. इसके पहले वह एक किलो मीटर का रास्ता पैदल तय करके गोरखगिरी पहाड़ी पर भी गए. जहाँ उन्होंने सिद्धश्वर महादेव मंदिर व गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली मे पूजा अर्चना भी की. मुख्यमंत्री ने गोरख पहाड़ी मे पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का सघन तरीके से निरीक्षण किया.

# चरागाह में रातभर चला मिट्टी का खेल! ग्रामीणों ने घेरा डंपर-जेसीबी, हंगामे के बीच वाहन छुड़ाकर ले जाने का आरोप

## मलगानी में अवैध मिट्टी दोहन को लेकर बवाल, प्रशासन की कार्यशैली पर भी उठे सवाल

स्मार्ट हलचल



**मांडल।** मलगानी गांव की चरागाह भूमि में रविवार देर रात कथित अवैध मिट्टी दोहन को लेकर जमकर हंगामा हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन और डंपरों की मदद से सरकारी चरागाह भूमि से मिट्टी निकाली जा रही थी। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खनन में लगे वाहनों को घेर लिया। इसके बाद मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया। ग्रामीणों के अनुसार, चरागाह भूमि पर काफी समय से मिट्टी दोहन का खेल चल रहा है। रविवार देर रात भी जब जेसीबी मशीन से मिट्टी खोदी जा रही थी और डंपरों में भरकर ले जाई जा रही थी, तब ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध किया। ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने डंपर सहित अन्य वाहनों को मौके पर रोक लिया था।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विरोध के दौरान खनन कार्य में शामिल लोगों ने दबंगई दिखाई और हंगामे के बीच वाहन छुड़ाकर ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास भी किया गया। घटना के बाद गांव में देर रात तक चर्चा और आक्रोश का माहौल बना रहा।

### शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप

ग्रामीण ओम प्रकाश, बालूराम, राहुल, रतनलाल जाट, हनुमान जाट, बालूलाल जाट, सूरजमल और जगदीश सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि चरागाह भूमि से मिट्टी दोहन की शिकायत कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को दी जा चुकी है। उनका कहना है कि सूचना देने के बावजूद मौके पर समय पर कार्रवाई नहीं होने से अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लग पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के कुछ समय बाद तक गतिविधियां बंद रहती हैं, लेकिन बाद में फिर से मिट्टी दोहन शुरू हो जाता है। इसे लेकर ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं।

### भट्टे तक पहुंच रही मिट्टी?

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चरागाह भूमि से निकाली जा रही मिट्टी का उपयोग स्थानीय ईंट भट्टे पर किया जा रहा है। उनका दावा है कि भट्टे के पास मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन मौके पर जांच कर मिट्टी के स्रोत की पुष्टि करे और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### चरागाह भूमि पर बढ़ता संकट

ग्रामीणों का कहना है कि चरागाह भूमि गांव की अमूल्य संपत्ति है, जहां पशुओं के लिए चारा उपलब्ध होता है। लगातार मिट्टी निकाले जाने से भूमि पर गहरे गड्ढे बन रहे हैं और इसका सीधा असर पशुपालकों पर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### ग्रामीणों की मांग

अवैध मिट्टी दोहन की निष्पक्ष जांच हो। खनन में प्रयुक्त जेसीबी और डंपरों को जब्त किया जाए। सरकारी चरागाह भूमि को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो। मामले में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो।

(समाचार ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों और शिकायत के आधार पर तैयार किया गया है। संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।)

ए.एन.टी.एफ का नशे पर प्रहार

# 644 ग्राम गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

## स्निफर डॉग ने निभाई अहम भूमिका

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा। राजस्थान में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और हमीरगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 644 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इस पूरे ऑपरेशन की खास बात यह रही कि पुलिस के प्रशिक्षित स्निफर डॉग ने गांजे की पहचान करने में अहम भूमिका निभाई।

एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यबल को सूचना मिली थी कि हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित बिलिया कला डेयरी के पास पारा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही एएनटीएफ और हमीरगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहनों को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बंशीलाल (47) पुत्र प्यारालाल बलाई, निवासी बिलिया कला बताया। तलाशी के दौरान प्रशिक्षित खोजी कुत्ते की मदद से उसके पास मौजूद प्लास्टिक की थैली की जांच की गई, जिसमें से 644 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। आईजी विकास कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ इस सफल कार्रवाई में शामिल एएनटीएफ एवं हमीरगढ़ थाना पुलिस के अधिकारियों और जवानों को कार्यबल मुख्यालय जयपुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

### आमजन से अपील

एएनटीएफ ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति अवैध मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# भ्रष्टाचार पर प्रहारः खाँखला ग्रामवासियों का अंतिम सत्याग्रह



स्मार्ट हलचल| गंगापुर (भीलवाड़ा)

ग्राम पंचायत खाँखला में सरपंच रतन लाल स्वर्णकार पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों ने ग्रामीणों को आक्रोशित कर दिया है। सोमवार को लगभग 100 जागरूक नागरिकों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपते हुए फर्जी पुश्तैनी पट्टों को निरस्त करने और दोषी सरपंच को निलंबित करने की मांग की।

### आरोपों की गंभीरता

- ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच ने अपने परिवारजनों के नाम पर 15 फर्जी पुश्तैनी पट्टे मात्र 200 प्रति पट्टा की दर से जारी किए।
- पंचायती राज नियमों के अनुसार पुश्तैनी पट्टा केवल उसी भूमि पर जारी हो सकता है, जहां कम से कम 50 वर्ष पुराना मकान मौजूद हो। लेकिन विवादित भूमि पूरी तरह से सरकारी आबादी भूमि है, जिस पर कोई पुश्तैनी मकान नहीं है।
- सरपंच की पुत्रवधू, जिसकी उम्र मात्र 30-35 वर्ष है, के नाम पर तीन-तीन पट्टे जारी किए गए हैं। ग्रामीणों ने इसे कानून का खुला उल्लंघन बताया।
- ऑडिट विभाग को 2015 से अब तक पट्टों का कोई रिकॉर्ड नहीं दिया गया, जिससे सरकार को लाखों रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है।

### जांच रिपोर्ट दबाने का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की अंतिम जांच रिपोर्ट 18 मई 2026 को ही पूरी हो चुकी है, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते उसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा। ग्रामीणों ने इसे प्रशासनिक उदासीनता और भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण बताया।

### न्यायसंगत मांगें

1. सभी 15 फर्जी पुश्तैनी पट्टों को तत्काल निरस्त किया जाए।
2. जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषी सरपंच को निलंबित किया जाए।
3. सरपंच और संबंधित अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए।
4. सरकार को हुए वित्तीय नुकसान की भरपाई सरपंच की निजी संपत्ति कुर्क कर की जाए।

### भूख हड़ताल की घोषणा

ज्ञापन सौंपने के बाद ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो रतनलाल जाट सहित 5 से 7 प्रमुख नागरिक स्ष्ठरू कार्यालय परिसर के बाहर दो दिवसीय/अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी अनहोनी की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# फार्म हाउस पर चल रहे जुए पर पुलिस का छापा, 14 गिरफ्तार, 62,900 की नकदी बरामद, 11 वाहन जब्त

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** जिले में संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुवाणा स्थित एक फार्म हाउस पर चल रहे जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 14 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 62,900 नकद, ताश के पत्ते तथा 11 वाहन जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन एवं पुलिस उप अधीक्षक नेमीचंद चौधरी के सुपरविजन में सदर थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 21 जून को उप निरीक्षक भरत कुमार शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि सुवाणा कोर्ट के पीछे स्थित रॉयल फार्म हाउस में कुछ लोग बंद कमरे में ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने सर्च वारंट प्राप्त कर फार्म हाउस पर दबिश दी।

दबिश के दौरान पुलिस ने फार्म हाउस को चारों तरफ से घेर लिया और अंदर मौजूद 14 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से 62,900 नकद राशि और ताश के पत्ते जब्त किए गए। इसके अलावा फार्म हाउस परिसर में खड़े 8 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी और एक आई-20 कार को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी सुनसान स्थानों का चयन कर बंद कमरों में एकत्रित होकर संगठित रूप से जुआ खेलते थे। कई आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी जुए से जुड़े प्रकरण दर्ज हैं। इस संबंध में सदर थाना में प्रकरण संख्या 120/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

कार्यवाही में मोहम्मद हुसैन पुत्र मोहम्मद शरीफ, निवासी गुलमंडी, शरफुदीन पुत्र फकरूदीन नीलगर, निवासी न्यू पटेल नगर, साजिद हुसैन पुत्र गुलाम रसूल, निवासी गुलमंडी, मोहम्मद अकरम पुत्र फतेह मोहम्मद, निवासी गुलमंडी, अशफाक पुत्र मोहम्मद असलम, निवासी गुलमंडी, ताहिर हुसैन पुत्र अब्दुल कदीर, निवासी गुलमंडी, नौशाद अली पुत्र अख्तर हुसैन, निवासी मोहम्मदी कॉलोनी, मोहम्मद रमजान पुत्र रूस्तम अली शेख, निवासी पुरानी धानमंडी, वसीम अंसारी पुत्र अब्दुल गफूर अंसारी, निवासी गुलअली नगरी, मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद मुख्तार, निवासी मोहम्मदी कॉलोनी, मोहम्मद हुसैन पुत्र गुलाम मोहम्मद, निवासी गुलमंडी, कयूम मोहम्मद लुहार पुत्र सिराजुद्दीन लुहार, निवासी गुलमंडी, मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद सलीम, निवासी गुलमंडी, दिनेश कुमार पुत्र रोडूलाल जीनगर, निवासी न्यू कोटा रोड, ईरास को गिरफ्तार किया है।

# सालिया में चामुंडा माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हवन संपन्न

स्मार्ट हलचल|किड़ीमाल

**करेड़ा।** उपखण्ड करेड़ा के अंतर्गत किड़ीमाल ग्राम सालिया में नवनिर्मित चामुंडा माता मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, भव्य हवन-यज्ञ, विशाल भजन संध्या और महाप्रसादी का धार्मिक आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक महोत्सव में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया।

आयोजन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई, जहाँ विद्वान पंडितों के सानिध्य में नवनिर्मित मंदिर में माँ चामुंडा की प्रतिमा की पुजा अर्चना । इसके बाद आयोजित भव्य हवन-यज्ञ में यजमानों और ग्रामीणों ने विश्व कल्याण की कामना के साथ पूर्ण आहुतियां दीं।

इससे पूर्व आयोजित विशाल भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। 'चामुंडा माता के जयकारों' से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया इस मोके पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस स्टैंड बना चोरों का अड्डा, महीनों से बंद पड़े हैं सीसीटीवी कैमरे

## रोज कई यात्रियों के सामान हो रहे है चोरी

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा का रोडवेज बस स्टैंड इन दिनों चोरों का गढ़ बनता जा रहा है। यहाँ आए दिन यात्रियों के बैग, मोबाइल और अन्य कीमती सामान चोरी होने की वारदातें सामने आ रही हैं। सोमवार को सामने आए एक ताजा मामले में, परीक्षा देने जा रही एक छात्रा का बैग बस स्टैंड से पार हो गया। काफी तलाश के बाद भी जब बैग का कोई सुराग नहीं मिला, तो रोडवेज प्रशासन की एक और बड़ी लापरवाही उजागर हुई। पीड़ित पक्ष ने जब चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखने की मांग की, तो सामने आया कि बस स्टैंड पर लगे अधिकांश कैमरे पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं। लगातार हो रही चोरियों और बंद पड़े कैमरों ने रोडवेज प्रशासन के सुरक्षा दावों की पोल खोल कर रख दी है।

### दुकान पर सामान लेने गई, पीछे से बैग गायब

पीड़ित छात्रा रानू कंवर ने बताया, 'मैं बीएसटीसी की परीक्षा देने के लिए उत्तर प्रदेश के मऊ जा रही थी। इस दौरान जब मैं रोडवेज बस स्टैंड पहुँची और कुछ सामान लेने के लिए एक दुकान पर रुकी, तभी पीछे से कोई अज्ञात शातिर मेरा बैग चुराकर रफूचक्कर हो गया। उस बैग में मेरे सभी जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज, नकदी और अन्य कीमती सामान था। जब मैंने बैग का सुराग लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखने की मांग की, तो प्रशासन ने कैमरे बंद होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया।'

### जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आए प्रबंधक

इस पूरे मामले पर रोडवेज बस स्टैंड प्रबंधक निरंजन कुमार शर्मा का बेहद गैर-जिम्मेदाराना रवैया सामने आया है। उन्होंने कहा, 'पूछताछ केंद्र (इन्क्वायरी) पर तैनात कर्मचारी समय-समय पर अनाउंसमेंट करके यात्रियों को जेबकतरों और चोरों से सावधान रहने की हिदायत देते हैं। यात्री अपने सामान की सुरक्षा खुद करें। जहाँ तक सीसीटीवी कैमरों का सवाल है, तो पिछले 3-4 महीनों से कैमरे खराब पड़े हैं। इसके लिए हमने उच्च अधिकारियों और स्थानीय विधायक को पत्र लिखकर नए कैमरे उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि चोरियों पर लगाम लगाई जा सके। इसके अलावा हमने नजदीकी पुलिस थाने को भी सूचित किया है कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई करें।

# अग्निवीर सैनिक शेखावत का सम्मान

स्मार्ट हलचल



**गुलाबपुरा।** भारतीय सेना में चयनित होकर अग्निवीर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पैतृक गांव आनंदीपुरा पहुंचने पर सैनिक सरदार सिंह शेखावत का भव्य स्वागत किया गया। सरदार सिंह ने 16 जनवरी से 22 जून तक अग्निवीर सैनिक के रूप में प्रशिक्षण पूरा किया।

आनंदीपुरा निवासी लक्ष्मण सिंह शेखावत के पुत्र सरदार सिंह के सम्मान में गुलाबपुरा से सैनिक सम्मान यात्रा निकाली गई। डीजे, आतिशबाजी और वाहन रैली के साथ ग्रामीणों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। आनंदीपुरा गांव पहुंचने पर भी ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया।

क्षेत्र, गांव और समाज का नाम रोशन करने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई। घर पहुंचकर सरदार सिंह ने दादाजी रामपाल सिंह शेखावत सहित परिवारजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों का आशीर्वाद लिया।

# पेयजल समस्या से शीघ्र मिलेगी राहत

स्मार्ट हलचल| अनिल जांगिड़

**बिजयनगर।** बिजयनगर में गंभीर पेयजल समस्या के समाधान के लिए अमृत जल योजना के तहत करीब 6.50 करोड़ रुपये के कार्यों की टेंडर प्रक्रिया जारी है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता राजेश आर्य ने बताया कि योजना के तहत बरल रोड पर नई पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा तथा 12 से 13 किलोमीटर लंबी नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा जिन वार्डों में पेयजल आपूर्ति की समस्या है, वहां पुरानी पाइपलाइन बदली जाएगी और कम प्रेशर वाले क्षेत्रों में जलापूर्ति का दबाव बढ़ाने के उपाय किए जाएंगे। विदित है कि वर्तमान में कई क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई पूरी नही है और कई वार्डों में अंतिम छोर पर पानी नही पहुंचता है।




# मंगरोप में नाले की टूटी जाली बनी हादसों का कारण

## कई लोग गिरकर घायल,वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी, 5 दिन में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** कस्बे के खटीक मोहल्ला स्थित सदर बाजार के मुख्य मार्ग पर नाले के ऊपर लगी लोहे की जाली लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हुई है।व्यस्त मार्ग पर जाली टूटने से आमजन और वाहन चालकों को लगातार खतरे का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन पर अनदेखी और उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार क्षतिग्रस्त जाली के कारण आए दिन राहगीर और दोपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं।कई लोग संतुलन बिगड़ने से नाले में गिर चुके हैं,जबकि भारी वाहनों और चारपहिया वाहनों के गुजरने के दौरान टायर फटने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।बाजार क्षेत्र होने के कारण दिनभर यहां लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है,जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है।मंगरोप विकास संघर्ष समिति के सचिव राहुल खटीक ने बताया कि गत माह क्षतिग्रस्त जाली के कारण एक टेम्पो चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और टेम्पो पास के नाले में फंस गया था।घटना शाम के समय हुई थी।आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक और उसके सहयोगी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।उन्होंने कहा कि यदि उस समय लोगों की मौजूदगी नहीं होती तो बड़ा हादसा हो सकता था और दोनों की जान भी जोखिम में पड़ सकती थी।ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पंचायत प्रशासन को कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया गया,लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।लोगों का आरोप है कि मुख्य मार्ग पर स्थित इस खतरनाक स्थान की लगातार अनदेखी की जा रही है,जबकि यह क्षेत्र बाजार और आबादी के बीच स्थित होने के कारण अत्यंत संवेदनशील है।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नई मजबूत जाली लगाकर नाले को सुरक्षित करने की मांग की है।उनका कहना है कि बरसात के मौसम में यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है तथा किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आगामी पांच दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त जाली को बदलकर समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो पंचायत प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।लोगों ने कहा कि जनसुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर अब और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर धरना-प्रदर्शन सहित जनआंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

जय महेश
महेश नवमी महोत्सव 2026

# महेश नवमी पर्व 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं

।। जय महेश ।।

- रामपाल सोनी — पूर्व सभापति, महासभा
- एस.एन. नुवाल — पद्मश्री
- राजकुमार काल्या — अर्थ मंत्री, महासभा
- ममता मोदानी — कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय महिला संगठन
- एस.एन. मोदानी — कार्यसमिति सदस्य महासभा
- सुभाष बहेड़िया — पूर्व सांसद
- जगदीश प्रसाद कोगटा — संयुक्त मंत्री महासभा
- राधेश्याम चेचानी — प्रदेशाध्यक्ष
- कैलाश चन्द्र कोठारी — पूर्व प्रदेशाध्यक्ष
- राधेश्याम सोमानी — कार्यसमिति सदस्य महासभा
- अशोक बाहेती — कार्यसमिति सदस्य महासभा
- अनिल कुमार बांगड़ — उपाध्यक्ष (पुष्कर सेवा सदन)
- श्रीगोपाल राठी — चेयरमैन संदीप हुंडई
- ओम नराणीवाल — अध्यक्ष- महेश सेवा समिति
- दिनेश नौलखा — एमडी-नितिन स्पिनर्स
- लादुराम बांगड़ — चेयरमैन कंचन ग्रुप
- के.जी. तोषनीवाल — समाज सेवी
- प्रहलाद लढ़ा — मंत्री महेश सेवा निधि
- राजेन्द्र कचोलिया — सचिव-महेश सेवा समिति
- राधाकिशन सोमानी — समाज सेवी
- नंद किशोर झंवर — समाज सेवी
- सत्येन्द्र बिड़ला — प्रदेश उपाध्यक्ष
- दीनदयाल मारू — प्रदेश अर्थ मंत्री
- ओमप्रकाश गट्टानी — प्रदेश संगठन मंत्री
- देवेन्द्र सोमानी — प्रदेश कार्यालय मंत्री
- प्रदीप बल्दवा — जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष
- रामराय सेठिया — जिला उपाध्यक्ष
- सुशील मरोटिया — जिला अर्थ मंत्री
- रमेश चन्द्र बसेर — जिला संयुवत मंत्री
- दिनेश तोषनीवाल — जिला संयुक्त मंत्री
- केदारमल जागेटिया — अध्यक्ष नगर सभा
- केदार गगरानी — कार्यकारी अध्यक्ष नगर सभा
- सुरेश बिड़ला — मंत्री नगर सभा
- संजय जागेटिया — कार्यकारी मंत्री नगर सभा
- अतुल राठी — मुख्य संयोजक महेश नवमी
- कृष्ण गोपाल राठी — सहसंयोजक महेश नवमी
- अर्चित मून्दड़ा — सहसंयोजक महेश नवमी
- प्रहलाद नुवाल — व. उपाध्यक्ष नगर सभा
- विनय माहेश्वरी — उपाध्यक्ष नगर सभा
- सुनील बियाणी — उपाध्यक्ष नगर सभा
- गोपाल नराणीवाल — अर्थ मंत्री नगर सभा
- प्रमोद कुमार डाड — संगठन मंत्री नगर सभा
- मनोहर अजमेरा — संयुक्त मंत्री नगर सभा
- दिनेश कुमार हेड़ा — संयुक्त मंत्री नगर सभा
- रामकृष्ण पोरवाल — संयुक्त मंत्री नगर सभा
- राजेन्द्र प्रसाद बिड़ला — मंत्री रामेश्वरम्
- सुरेश चन्द्र कचोलिया — अर्थमंत्री रामेश्वरम्
- कृष्णगोपाल जाखेटिया — उपाध्यक्ष महेश सेवा समिति
- सत्यनारायण मून्दड़ा — उपाध्यक्ष श्री महेश सेवा समिति
- राहुल गग्गड़ — कां.का. मंडल सदस्य महासभा
- नवीन कांकानी — का.का. मंडल सदस्य महासभा
- नारायण लाल लढ़ा — का.का. मंडल सदस्य महासभा
- अभिजित सारडा — का.का. मंडल सदस्य महासभा
- कैलाश ईनाणी — का.का. मंडल सदस्य महासभा
- राधेश्याम सोमानी — का.स. सदस्य नगर सभा
- दिलीप लाहोटी — का.स. सदस्य नगर सभा
- मनीष भदादा — का.स. सदस्य नगर सभा
- कैलाश चन्द्र बाहेती — का.स. सदस्य नगर सभा
- अनिल झंवर — का.स. सदस्य नगर सभा
- राजेन्द्र समदानी — का.स. सदस्य नगर सभा
- गोपाल जागेटिया — का.स. सदस्य नगर सभा
- दिनेश कुमार बांगड़ — का.स. सदस्य नगर सभा
- कमलेश लाठी — का.स. सदस्य नगर सभा
- सुभाष लढ़ा — का.स. सदस्य नगर सभा
- दीपक समदानी — का.स. सदस्य नगर सभा
- बाबूलाल लढ़ा — का.स. सदस्य नगर सभा
- मुकेश पलोड़ — का.स. सदस्य नगर सभा
- महेश सोमानी — का.स. सदस्य नगर सभा
- अनिल कुमार धूत — का.स. सदस्य नगर सभा
- रतनलाल मून्दड़ा — का.स. सदस्य नगर सभा
- अनिल (संजय) लाहोटी — का.स. सदस्य नगर सभा
- राजेन्द्र मालू — का.स. सदस्य नगर सभा
- मनीष सोमानी — का.स. सदस्य नगर सभा
- ओमप्रकाश काबरा — का.स. सदस्य नगर सभा
- प्रेमशंकर झंवर — का.स. सदस्य नगर सभा
- सतीश चन्द्र डाड — का.स. सदस्य नगर सभा
- श्यामलाल डाड — अध्यक्ष संजय कॉलोनी
- कैलाश चन्द्र मून्दड़ा — मंत्री संजय कॉलोनी
- संजय पेडीवाल — अध्यक्ष बापूनगर
- कैलाशचन्द्र लाखोटिया — मंत्री बापूनगर
- भैरूलाल सोमानी — अध्यक्ष शास्त्रीनगर
- मुकेश जागेटिया — मंत्री शास्त्रीनगर
- सत्यनारायण तोतला — अध्यक्ष पुराना शहर
- विनोद राठी — मंत्री पुराना शहर
- लादूराम सोमानी — अध्यक्ष आजाद नगर
- सुरेश समदानी — मंत्री आजाद नगर
- लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा — अध्यक्ष सुभाषनगर
- प्रमोद कुमार मूंदड़ा — मंत्री सुभाषनगर
- परिक्षित नामधर — अध्यक्ष बसंत विहार
- कुंजबिहारी चाण्डक — मंत्री बसंत विहार
- ओमप्रकाश जागेटिया — अध्यक्ष काशीपुरी
- हरगोविन्द सोनी — मंत्री काशीपुरी
- अशोक तुरकिया — अध्यक्ष तिलकनगर
- सुशील बांगड़ — मंत्री तिलकनगर
- कमलेश काबरा — अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजादनगर
- अश्विन तोतला — मंत्री चन्द्रशेखर आजादनगर
- महेशचन्द्र कोठारी — अध्यक्ष सांगानेर
- निर्मल कुमार पलोड़ — अध्यक्ष पुर
- बनवारी लाल सोमानी — अध्यक्ष पथिक नगर
- सत्येन्द्र तोतला — कोषाध्यक्ष पथिक नगर
- कृष्णगोपाल सोडानी — अध्यक्ष आर.के.आर.सी
- महावीर समदानी — प्रदेश मीडिया प्रभारी
- ओमप्रकाश गन्दोड़िया — प्रदेश का. सदस्य
- दिनेश पेडीवाल — समाजसेवी
- रामगोपाल कोठारी — समाजसेवी
- अशोक मून्दड़ा — समाजसेवी
- प्रदीप लाठी — डायरेक्टर L2C
- रोशन देवपुरा — मुख्य खेल प्रभारी महेश नवमी
- मुकेश चेचाणी — मुख्य खेल प्रभारी महेश नवमी
- राघव कोठारी — प्रदेशाध्यक्ष युवा संगठन
- शिखा भदादा — निवर्तमान रा.संयु.मंत्री म.सं.
- सीमा कोगटा — प्रदेशाध्यक्ष म.सं.
- मानकंवर काबरा — का.स. सदस्य रा.म. संगठन
- मोना डाड — प्रदेश उपाध्यक्ष म.संगठन
- सोनल माहेश्वरी — प्रकल्प प्रमुख प्रदेश म.संगठन
- भारती बाहेती — जिला अध्यक्ष म.सं.
- CA अंकित लखोटिया — नगर मंत्री युवा संगठन
- कमलकान्त सोनी — संरक्षक नगर युवा संगठन
- शशांक बिड़ला — रा.का.स.सदस्य युवा
- प्रतीक कचौलिया — रा.का.स.सदस्य युवा
- दिलीप काष्ट — रा.का.स. सदस्य युवा
- अनूप समदानी — अध्यक्ष आरकेआरसी मा. यु. सं.
- अरूण बियानी — मंत्री शास्त्रीनगर युवा सं.
- अनुराग कोठारी — समाज सेवी
- गिरिराज असावा — समाज सेवी
- राकेश शारदा — समाज सेवी
- राजेश सोडाणी — समाज सेवी
- अमित झंवर — विधि सलाहकार न. युवा सं.
- रोनक काष्ट — प्रचार मंत्री नगर युवा सं.
- समर्थ अजमेरा — व्यापार प्रकोष्ठ न. युवा सं.

## भाजपा भदेसर मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय जनता पार्टी के भदेसर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष हीरालाल रायका ने प्रदेशाध्यक्ष मदन सिंह राठौड़, सांसद सीपी जोशी, जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी व विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के निर्देशानुसार मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा की है।

भदेसर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष हीरालाल रायका ने नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मोहनलाल धाकड़ सुखवाड़ा, शंकर मूंदड़ा कन्नौज, प्रकाश भट्ट भदेसर, कुलदीप सिंह नाहरगढ़, कालुसिंह राठौड़ भावनाथ की खेड़ी, हरिश सामरिया कन्नौज, देवीलाल माली कन्नौज, लक्ष्मण सिंह कन्नौजिया, नारायण जाट भूतिया व वीरेन्द्र सिंह नेड़िया को मनोनीत किया है। इसी प्रकार महामंत्री देवीलाल धाकड़ सुखवाड़ा, दिनेश गर्ग भदेसर व भोपाल सिंह गौड़ भदेसर, मंत्री कालुलाल माली अमरपुरा, लाल सिंह पीपली का गुढ़ा, सुरेश गाडरी ब्यावर, प्रहलाद सिंह धरोल, सुनिल वैष्णव भदेसर, जयचंद कुमावत पंचदेवला, किशन गाडरी नाहरगढ़, सुरेश रेबारी भालुण्डी व सत्यनारायण सोनी भदेसर सहित कई पदों पर पदाधिकारी मनोनीत किए हैं।

# महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित एमपीएल-2026 क्रिकेट महाकुंभ का भव्य समापन

## भोपालगंज ए बनी चैंपियन, आरकेआरसी ए उप चैंपियन

स्मार्ट हलचल| पंकज पोरवाल

**भीलवाड़ा।** महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत श्री नगर माहेश्वरी सभा द्वारा मोदी ग्राउंड पर आयोजित 10 दिवसीय माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 के क्रिकेट महाकुंभ का रविवार देर रात को शानदार समापन हुआ। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और रोमांचक मुकाबलों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन समिति के अर्चित मून्द्रडा, कैलाश ईनानी, रोषन देवपुरा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भोपालगंज ए और आरकेआरसी ए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपालगं ए ने 2 विकेट के नुकसान पर 120 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शशांक लढ़ा ने शानदार 56 रनों की पारी खेली। 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरकेआरसी ए की टीम निर्धारित



ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 108 रन ही बना सकी। इस तरह भोपालगंज ए ने 12 रनों से शानदार जीत दर्ज कर एमपीएल-2026 का खिताब अपने नाम किया। गेंदबाजी में भी भोपालगंज ए का प्रदर्शन शानदार रहा। शशांक लढ़ा ने 3 विकेट झटके, जबकि अरुण काबरा, दीपक चेचानी और सौरभ जागेटिया ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शशांक लढ़ा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट के व्यक्तिगत पुरस्कारों में कुलदीप राठी को बेस्ट बैट्समैन, विनय सोनी को बेस्ट बॉलर तथा शशांक लढ़ा को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक रहे संदीप हुंडई श्रीगोपाल राठी, जबकि केसर ग्रुप के कमल सोनी एवं आर आर ओरनामेन्ट सह-प्रायोजक रहे। संयोजक अतुल राठी व नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया व मंत्री सुरेश बिरला ने सभी खिलाड़ियों, प्रायोजकों, अतिथियों, अंपायरों, स्कोररों, स्वयंसेवकों एवं क्रिकेट प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एमपीएल-2026 ने समाज में खेल भावना, एकता और भाईचारे का एक नया संदेश दिया तथा आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।

# बनेड़ा बस स्टैंड पर नहीं रुकती अधिकांश निजी और रोडवेज बसे, निकल जाती है बायपास

## यात्री करते रहते है इंतजार

स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित बस स्टैंड पर अधिकांश रोडवेज और नीजी बसों के नही आकर के माताजी का खेडा बाइपास पर से ही निकल जाने के आमजन को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। मगर फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधीयो द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

भीलवाड़ा देवली मार्ग पर चलने वाली अधिकाशं नीजी बसों के मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर नहीं आकर के एक से डेढ़ किलोमीटर दुरी पर स्थित माताजी का खेडा बाइपास से निकल जाने से लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। भीलवाड़ा की तरफ से आने वाली नीजी बसो मे बस स्टाफ द्वारा बनेड़ा आने वाली सवारियों बस में बैठाने से ही मना कर देते और कुछ सवारियां बैठ भी जाए तो उन्हे पेट्रोल पंप या माताजी का खेडा तिराहे पर उतार देते है। वही राजस्थान पथ



परिवहन निगम की वैशाली नगर डिपो की जयपुर भीलवाड़ा रायपुर उदयपुर सावरियाजी बडीसादडी टोक आगार की उदयपुर निम्बाहेडा कोटा उदयपुर कोटा केकडी बुंदी के साथ ही प्रतापगढ़ सवाईमाधोपुर की रोडवेज बसों के बाइपास से निकल जाती हैं। जिसके कारण उपखण्ड मुख्यालय वासियों को लम्बी दूरी की बसो की सुविधा से महरूम रहना पड़ रहा है। वही भीलवाड़ा आगार की भी कुछ बसों के स्टाफ अपनी मनमानी करते हुए बसों का बाइपास से निकाल ले जाते हैं

इस सम्बंध में कई बार परिवहन विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाने के बाद भी विभाग द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। साथ ही हाल ही मे नए बने केकडी डीपो के स्टाफ की मनमानी का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। इसके अलावा भीलवाड़ा के साथ ही वैशालीनगर आगार की कुछ बसो के स्टाफ की मनमानी के चलते स्टैंड होने के बाद भी दिन हो या रात निर्धारित स्टैंड के बजाय भीलवाड़ा पढने जाने छात्राओं के साथ महिलाओं और बुजुर्गों को बाईपास पर ही उतार दिया जाता है।

# काशीराम जी की खेड़ी में दिनदहाड़े चोरी, की वारदात को सप्ताह बीत नहीं हुई कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**माण्डल।** माण्डल थाना क्षेत्र के काशीराम जी की खेड़ी गांव में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ित सोहन लाल कुमावत पुत्र डाल कुमावत (70) निवासी काशीराम जी की खेड़ी ने माण्डल थाने में रिपोर्ट देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लेकिन मांडल थाना पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण परिवार आज भी सदमे में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून 2026 को सुबह करीब 8 से 10 बजे के बीच परिवार के सभी सदस्य खेत पर गए हुए थे। घर पर अकेली मौजूद पुत्री बाली भी पशुओं को बाहर छोड़ने के लिए गई थी और



घर के अंदर-बाहर ताले लगाकर गई थी। वापस लौटने पर उसने देखा कि कमरे का ताला खुला हुआ है तथा घर का सामान बिखरा पड़ा है। एक पेटी का ताला टूटा हुआ मिला।

पीड़ित के अनुसार पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं कपड़े चोरी हो गए। चोरी हुए सामान में करीब दो तोला वजनी सोने के रामनवमी मांडलिये, पौने तोला का सोने का मंगलसूत्र, सवा किलो चांदी की करंगती तथा आधा किलो वजनी चांदी के कड़े शामिल हैं। इसके अलावा पेटी में रखे कपड़े भी गायब मिले।

जांच के दौरान मकान की दीवार के पास ईंटें जमा मिलीं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चोर पड़ोसी मकान की दीवार के सहारे घर में घुसे। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि घर की चाबी जहां रखी जाती थी, उसकी जानकारी आसपास के लोगों को भी थी, जिसके चलते चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका है।

पीड़ित ने पुलिस से मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की पहचान वह चोरी गए जेवरात एवं सामान की बरामदगी तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लेकिन 1 सप्ताह बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई। मांडल थाना पुलिस की लापरवाही के चलते चोरों के हौसले बुलंद है और परिवार के लोग सदमे में जीने को मजबूर है।

# न्यायालय परिसर में रखवाए जलपात्र, पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीषण गर्मी के बीच पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने और गौ सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा द्वारा न्यायालय परिसर में जल संरक्षण एवं जीव सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गायों के लिए जलपात्र रखवाए गए तथा पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर परिंडे बांधे गए। जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के निर्देशन एवं उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, राजस्व महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित



पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में यह सेवा कार्य संपन्न हुआ। अभियान में मुस्कान फाउंडेशन के रामचंद्र खोतानी का भी विशेष सहयोग रहा।

उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल स्रोतों के सूखने से पशु-पक्षियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों पर जल की व्यवस्था कर जीवों की सेवा में योगदान दे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जीवों के प्रति संवेदनशीलता भारतीय संस्कृति की पहचान रही है। जलपात्र एवं परिंडे लगाने जैसी छोटी पहल भी पशु-पक्षियों के जीवन संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संस्था ने आमजन से भी इस अभियान से जुड़ने और अपने आसपास जलपात्र रखने की अपील की।

बार एसोसिएशन ने बताया कि यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकाधिक जलपात्र एवं परिंडे स्थापित किए जाएंगे।

इस अवसर पर मनोहर लालवानी, भारत सिंह कानावत, सूर्यप्रकाश सरगरा, नरेंद्र सिंह राठौड़, दीपक गुरनानी, विनोद राव, नारायणलाल कुमावत, दिनेश कुमावत, कमलेश शर्मा, नवीन निम्बार्क, विजय जीनगर, बनवारीलाल व्यास, दीपक चतुर्वेदी सहित अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस जनसेवा एवं जीवदया अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# सीएलजी बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** आगामी त्योहारों तथा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर सोमवार को कोटड़ी थाना परिसर में सीएलजी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा जनसहयोग से शांति व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी सुरेश डाबरिया, तहसीलदार श्रीलाल मीणा एवं थाना प्रभारी महावीर मीणा ने कहा कि कस्बे में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को बाइपास मार्ग की ओर स्थानांतरित करने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की गई है ताकि वाहनों को आबादी में आने से रोकने में कारगर होगी। किसी भी प्रकार की अफवाह, संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को अवगत कराने की अपील की गई। बैठक में उपस्थत सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। बैठक में मंदिर ट्रस्ट सदस्य चंपालाल तेली, नारायण सिंह, श्रवण सोनी, लक्ष्मी जीनगर, राजेश आचार्य, मांगू मोहम्मद, हसन मेवाती, मोहम्मद रफीक, सद्दाम हुसैन, श्याम सुन्दर शर्मा सहित अनेक सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

# देशभक्ति के रंग में रंगा गेणोली गांवः ट्रेनिंग पूरी कर लौटे अग्निवीर जवान दिनेश माली का पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत

**मांडलगढ़ चौराहे पर भारत माता के जयकारों से गूंजा आसमान; किसान पुत्र की कामयाबी पर पूरे गांव में निकाला विजय जुलूस**

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** भारतीय सेना में देश सेवा का जज्बा लेकर अग्निवीर के रूप में चयनित होकर और अपना कड़ा सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर पहली बार अपने पैतृक गांव गेणोली पहुंचे मां भारती के लाडले जवान दिनेश माली का ग्रामीणों ने अपूर्वक उत्साह, उमंग और गौरव के साथ पलक-पावड़े बिछाकर भव्य स्वागत किया। देश सेवा के लिए सेना की वर्दी पहनकर लौटे युवा सैनिक के सम्मान में समूचे गांव में त्योहार जैसा माहौल और जबरदस्त देशभक्ति का ज्वार देखने को मिला। गांव की हर गली और चौखट पर पुष्पवर्षा कर वीर जवान का आत्मीय अभिवादन किया गया।

गेणोली निवासी साधारण किसानपुत्र कालूलाल माली के सुपुत्र दिनेश माली जैसे ही सैन्य वर्दी



में मांडलगढ़ चौराहे पर पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों और युवाओं ने उन्हें कंधे पर उठा लिया और पूरा आसमान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद कतारबद्ध होकर जवान को खुली जीप में बिठाया गया और गांव में ढोल-नगाड़े, पारंपरिक वाद्य यंत्रों व डीजे की देशभक्ति धुनों के साथ एक विशाल विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान ग्रामीणों ने जवान को फूल-मालाओं से लाद दिया तथा मेवाड़ी परंपरा के अनुसार साफ़ा व पगड़ी बांधकर उनका नागरिक अभिनंदन किया।

**क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने दिनेश माली:**

भव्य स्वागत समारोह के दौरान पूरा गेणोली गांव तिरंगे के रंग और देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस दौरान प्रबुद्ध ग्रामीणों ने कहा कि एक किसान के बेटे दिनेश माली ने अपनी मेहनत की बदौलत सेना में भर्ती होकर न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि क्षेत्र के अन्य ग्रामीण युवाओं को भी सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित करेगी। स्वागत समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों, युवाओं से लेकर बड़े-बुजुर्गों और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा वीर जवान की आरती उतारकर उनके उज्ज्वल व यशस्वी भविष्य की कामना की।

**समारोह में यह ग्रामीण रहे उपस्थितः**

इस गौरवमयी और ऐतिहासिक अभिनंदन कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता किशन माली, दुर्गा माली, भूरालाल माली, देव माली, गणपत माली, नाथू माली, लादू माली, जगदीश माली सहित बहुत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी, प्रगतिशील किसान और युवा साथी उपस्थित रहे।

# देवस्थान की दीवार पर नगर निगम ने लगाए लाल निशानों का विरोध तेज



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

कोली समाज झलकारी महिला मंडल एवं बडलेश्वर महादेव महिला मंडल की महिलाओं ने बडलेश्वर महादेव मंदिर परिसर की दीवार पर नगर निगम द्वारा लगाए गए लाल निशानों के विरोध में जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की। ज्ञापन में महिलाओं ने कहा कि उक्त स्थल केवल एक भवन नहीं बल्कि समाज की धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं तथा समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि मंदिर परिसर एवं ट्रस्ट की भूमि पर प्रस्तावित कार्रवाई नहीं रोकी गई तो कोली समाज द्वारा व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन एवं जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में पार्वती देवी, अंतिमा देवी, इंद्रा देवी, मंजू देवी, शांति देवी, प्रेम देवी, बाली देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। महिलाओं ने प्रशासन से धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई को तत्काल निरस्त करने तथा मामले का न्यायोचित समाधान करने की मांग की।

# माँ घाटाराणी के दरबार में उमड़ा श्रद्धा का सैलाबः खुले दान पात्र, 2.64 लाख रुपये की हुई आय

**अष्टमी के पावन अवसर पर माँ घाटाराणी विकास सेवा समिति ने खोली दान पेटियां; सीढ़ियों के पास वाले दान पात्र से प्राप्त हुई सर्वाधिक 1.03 लाख की राशि, मंदिर विकास में खर्च होगी आय**

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध और आस्था के प्रमुख केंद्र माँ घाटाराणी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी आमद और अटूट श्रद्धा का नजारा देखने को मिल रहा है। माँ घाटाराणी विकास सेवा समिति द्वारा सोमवार, अष्टमी तिथि 22 जून 2026 को मंदिर परिसर में स्थापित विभिन्न दान पात्रों (दान पेटियों) को प्रशासनिक पारदर्शिता के साथ खोला गया। समिति द्वारा की गई गणना के अनुसार, देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की अगाध आस्था और सहयोग के चलते दान पात्रों एवं मंदिर की अन्य विविध मदों से कुल 2 लाख 64 हजार 146 रुपये की भारी-भरकम राशि प्राप्त हुई है।



समिति द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पहाड़ी पर स्थित मुख्य मंदिर के दान पात्र से 51 हजार 433 रुपये की राशि प्राप्त हुई। वहीं, मंदिर की सीढ़ियों के पास स्थापित दान पात्र से श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई सर्वाधिक 1 लाख 3 हजार 531 रुपये की राशि निकली। इसके अलावा मंदिर परिसर की दुकान किराये से 2 हजार 100 रुपये, बर्तन रसीद के माध्यम से 25 हजार 782 रुपये तथा मंदिर विकास रसीद के जरिए कुल 81 हजार 300 रुपये की आय समिति को प्राप्त हुई है।

दान राशि की गिनती पूरी होने के बाद समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्राप्त हुई इस संपूर्ण राशि का उपयोग पूरी प्रामाणिकता के साथ माँ घाटाराणी मंदिर के आगामी विकास कार्यों, मंदिर परिसर के दैनिक रखरखाव तथा यहाँ आने वाले दूर-दराज के श्रद्धालुओं की सुविधाओं व व्यवस्थाओं के विस्तार में किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर समिति ने माँ के दरबार में अपनी सामर्थ्य के अनुसार आहुति देने वाले सभी दानदाताओं, भक्तों और सहयोगकर्ताओं का सहृदय आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि भक्तों की इसी अटूट आस्था और सहयोग के बल पर ही दुर्गम पहाड़ी पर स्थित इस भव्य मंदिर परिसर में लगातार जनहितैषी और धार्मिक विकास कार्य संभव हो पा रहे हैं।

# राजकुमार खीखड़ेल जाट निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**लंबे समय के सदस्यता अभियान के बाद जाट छात्रावास अध्यक्ष चुनाव संचालन समिति ने संपन्न करवाया**

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-जाट छात्रावास के विधिक सलाहकार ,प्रवक्ता एडवोकेट रामप्रसाद जाट के अनुसार छात्रावास अध्यक्ष को लेकर वरिष्ठ लोगों के साथ-साथ युवाओं में अत्यधिक जोश नजर आया।नामांकन से पूर्व बिना फॉर्म भरे सर्व सहमति करने की कोशिश की गई। इसी बीच निर्विरोध निर्वाचन की मांग पर इच्छुक व्यक्तियों से विधिवत फॉर्म नामांकन के रूप में लिए गए जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष रामधन थरोदा ,एडवोकेट रामलाल जाट ,एडवोकेट रामेश्वर लाल जाट और पूर्व सरपंच ठिठोडी राजकुमार जाट ने अपना नाम नामांकन दाखिल किया। रामधन जाट, रामेश्वर जाट और रामलाल जाट द्वारा अपना नामांकन वापस लेने पर चुनाव संचालन समिति में 2 वर्ष के लिए राजकुमार जाट को जाट छात्रावास का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। आगामी 28 जून को समाज के वरिष्ठ जनों की रायउपरांत राजकुमार जाट जाट छात्रावास की अपनी कार्यकारिणी घोषित करेंगे उसके बाद 5 जुलाई 2026 को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के साथ राजकुमार जाट अध्यक्ष का पद पर ग्रहण करेंगे।



निर्विरोध अध्यक्ष के निर्वाचन पर जाट समाज के सभी लोगों ने खुशी जाहिर की।

इस मौके पर चुनाव संचालन समिति के जगदीश जाट रतनलाल जाट ,ओम प्रकाश जाट, सुवालाल जाट, बेनाथ जाट, चांदमल जाट, मोती जाट के साथ वरिष्ठ जनों में रतनलाल जाट जहाजपुर, रामनिवास जाट अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शिवराज जाट, शोकरण जाट रामप्रसाद गोरा, सीताराम जाट जिला परिषद सदस्य शंकर लाल कुड़ी विवाह सम्मेलन के महामंत्री शोभाराम तोगड़ा वहीं युवाओं में प्रधान चड्डा राजाराम जाट, कैलाश गोरा, अर्जुन गोरा, अनिल गोरा, सरपंच सत्यनारायण जाट, सांवरलाल गोरा, रामदयाल जाट, गजराज जाट, शंकर लाल जाट, नारायण जाट, सुखपाल जाट, शंकर लाल नागा सहित सैकड़ो वरिष्ठ व युवा समाज जन उपस्थित थे।

# हनुमान सिंह राठौड़ बने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 41वें अध्यक्ष

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करना सबसे बड़ा लक्ष्य- बोर्ड अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल| अजमेर



वरिष्ठ शिक्षाविद् श्री हनुमान सिंह राठौड़ ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के 41वें अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 को प्रभावी ढंग से लागू करना बोर्ड की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल होगा और इसके लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा शिक्षा जगत के सभी हितधारकों को साथ लेकर आगे बढ़ना आवश्यक है।

बोर्ड अध्यक्ष श्री हनुमान सिंह राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा की संपूर्ण कार्य प्रणाली में गुणात्मक सुधार का माध्यम है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिये पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा, शिक्षकों का प्रशिक्षण तथा प्रश्न पत्र निर्माण में बदलाव आवश्यकतानुसार किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करना समय की आवश्यकता है और बोर्ड इसी दिशा में कार्य करेगा। मीडिया से बातचीत में श्री राठौड़ ने कहा कि बोर्ड की कार्य प्रणाली पहले से ही सुदृढ़ है और उनका उद्देश्य किसी बड़े बदलाव की बजाए इसे और अधिक प्रभावी तथा परिणामोन्मुख बनाना है, उन्होंने बोर्ड के कर्मचारियों और अधिकारियों की कार्य क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करने से किसी भी चुनौती का समाधान संभव है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के इतिहास में पहली बार विद्यालयी शिक्षा से सीधे जुड़े किसी शिक्षाविद् को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री राठौड़ लम्बे समय से विद्यालयी शिक्षा से जुड़े रहे है। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए 25 से अधिक पुस्तको का लेखन कार्य भी किया है। उनकी नियुक्ति पर शिक्षा, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में व्यापक स्वागत किया जा रहा है। श्री राठौड़ का अनुभव और शैक्षिक दृष्टि बोर्ड को नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर बोर्ड सचिव श्रीमती नीतू यादव द्वारा अध्यक्ष श्री राठौड़ का स्वागत किया गया।

बोर्ड परिसर में कर्मचारियों एवं अधिकारियो ने उनका पारम्परिक स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर संघ चालक श्री खाजुलाल चौहान, बोर्ड सचिव श्रीमती नीतू यादव, मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री राजेश निर्वाण, वित्तीय सलाहकार श्री के. पी. सिंह, निदेशक (प्रशासन) श्री राजेन्द्र प्रसाद पारीक, सहायक निदेशक/जनसम्पर्क अधिकारी श्री राजीव चतुर्वेदी तथा शहर के गणमान्य व्यक्तियों में शाहपुरा विधायक श्री लालाराम बैरवा, एबीआरएसएम के श्री नारायण लाल गुप्ता, पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर के प्राचार्य प्रो. मनोज बहरवाल, महाराणा प्रताप गौरव केंद्र उदयपुर के प्रभारी श्री अनुराग जी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुनील दत्त जैन तथा श्री निरंजन शर्मा, मंत्रालयिक कर्मचारी संघ की ओर से अध्यक्ष श्रीमोहन सिंह रावत महामंत्री श्री करण सिंह यादव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गर्मी में पेयजल, बिजली एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

## जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



भीषण गर्मी के मद्देनजर जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को पीएचईडी कार्यालय में अधिकारियों की विशेष समीक्षा बैठक ली। बैठक में पीएचईडी, स्वास्थ्य विभाग एवं एवीवीएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आमजन को पेयजल, बिजली और चिकित्सा सुविधा में किसी तरह की परेशानी न हो।

जिला कलेक्टर श्री संधू ने पीएचईडी के अधिकारियों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समय पर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और खराब हैंडपंप-ट्यूबवेल की मरम्मत तेज करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में पेयजल, दवाओं और आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही विद्युत वायरिंग जांच और फायर सेफ्टी के उपाय तुरंत लागू करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एवीवीएनएल के अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज उच्च प्राथमिकता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने को कहा गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम में सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें और जनता को राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री धनपत राज सोनी, परियोजना अधीक्षण अभियंता श्री विनोद कुमार गर्ग, अधिशाषी अभियंता श्री मयंक शर्मा , एवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता श्री खटोड , सीएमएचओ डॉ संजीव शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 19725/19726 खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा-खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन

स्मार्ट हलचल | कोटा

रेलवे द्वारा खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा-खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस नई रेलसेवा (सप्ताह में 06 दिन) का संचालन किया जा रहा है। यह रेलसेवा कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन से होकर गुजरेगी।

इस रेलसेवा की नियमित गाडी संख्या 19725, खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा-खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 22.06.2026 से खातीपुरा (जयपुर) से शुक्रवार को छोडकर सप्ताह में 06 दिन 22.30 बजे रवाना होकर तीसरे दिन 00.55 बजे दरभंगा पहुँचेगी। यह गाडी कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन पर 01.00 बजे पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 19726, दरभंगा-खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 23.06.2026 से दरभंगा से रविवार को छोडकर सप्ताह में 06 दिन 04.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 08.40 बजे खातीपुरा (जयपुर) पहुँचेगी। यह गाडी कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन पर 03.55 बजे पहुँचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में दौसा, बांदीकुई, मंडावर महुवा रोड, भरतपुर, ईदगाह आगरा, टूण्डला, ईटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशनाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड व कमतौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 08 शयनयान, 11 साधारण श्रेणी, 01 पेंट्रीकार व 02 पार्सल सहपॉवरकार सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

# रायपुर घाटी की दलित, आदिवासी एवं घुमंतू बस्तियों में गंदगी और जलभराव से बीमारी फैलने का खतरा, मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोग

स्मार्ट हलचल



**रायपुर।** कस्बे की घाटी क्षेत्र स्थित दलित, आदिवासी एवं घुमंतू समाज की बस्तियों में लंबे समय से गंदगी, कीचड़ और गंदे पानी के जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में जगह-जगह नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार ग्राम पंचायत, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत करवाने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। बरसात और गर्मी के मौसम में जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड तथा अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय विभिन्न राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद इन बस्तियों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि वे भी देश के समान नागरिक हैं और उन्हें भी सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है। स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ पेयजल, उचित जल निकासी व्यवस्था और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं भी इन्हीं संवैधानिक अधिकारों का हिस्सा मानी जाती हैं। ऐसे में यदि किसी समुदाय को लगातार इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाता है तो यह सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की भावना के विपरीत माना जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ज्ञानचंद खटीक अध्यक्ष डा भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन संस्था रायपुर ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रायपुर (घाटी) क्षेत्र की दलित, आदिवासी एवं घुमंतू बस्तियों में तत्काल सफाई अभियान चलाया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए तथा स्थायी नालियों और सड़कों का निर्माण करवाकर लोगों को गंदगी और जलभराव की समस्या से राहत दिलाई जाए।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्हें किसी विशेष सुविधा की नहीं, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त समान अधिकारों और बुनियादी नागरिक सुविधाओं की आवश्यकता है, ताकि वे भी स्वस्थ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष रोहित गर्ग पहुंचे मंडावर



स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष रोहित गर्ग के मंडावर आगमन पर अग्रवाल सम्मेलन अग्रवाल युवा सम्मेलन एवं अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा सम्मान समारोह रविवार शाम को साइंस कैंपस स्कूल में आयोजित किया गया।

अग्रवाल सम्मेलन प्रवक्ता मुकेश कुमार सिन्दूकी ने बताया कि इस अवसर पर नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष रोहित गर्ग का अग्रवाल सम्मेलन मंडावर के अध्यक्ष महेश चंद्र गर्ग एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामनिवास गोयल ने गर्मजोशी के साथ माला दुपट्टा एवं साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष के साथ आए अतिथियों का कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान द्वारा मुझे युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है इस जिम्मेदारी का मै ईमानदारी से निर्वहन करूंगा एवं समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलूंगा और हमेशा समाज के हित में कार्य करता रहूंगा इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि समाज के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में समाज से जोड़ा जाए एवं समाज में हमेशा एकजुटता बनाए रखें। कार्यक्रम में मंच संचालन पूरण बंसल एवं अवधेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर महामंत्री अनंत मंगल उपाध्यक्ष राम अवतार सिंहल कोषाध्यक्ष राजेश बंसल युवा अध्यक्ष सन्नी गर्ग महामंत्री शिवम मंगल युवा जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गोयल संजीव कंसल शुभम बंसल द्वारका प्रसाद गोयल राजेंद्र गोयल अनिल मित्तल योगेश अग्रवाल नरेंद्र बंसल मनोज मंगल विवेक अग्रवाल संतोष सिंहल मनोज गर्ग सुरेश बंसल वंदना सिंहल मंजू मित्तल कल्पना गर्ग सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# साढ़े तीन माह बाद चांदपुरी ग्राम पंचायत को मिला प्रशासक



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत चांदपुरी में पिछले साढ़े तीन माह से रिक्त चल रहे प्रशासक पद पर सोमवार को निवर्तमान उप सरपंच मंजू शर्मा को प्रशासक के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया। थानागाजी के एबीडीओ संजय सिंह एवं महेश चंद जैमन की मौजूदगी में मंजू शर्मा ने विधिवत कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण और गणमान्य लोगों ने उन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत चांदपुरी की प्रशासक मिश्री देवी का 27 फरवरी को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से प्रशासक का पद रिक्त पड़ा हुआ था। करीब साढ़े तीन माह तक पद खाली रहने के कारण पंचायत के कई प्रशासनिक और विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा विभिन्न योजनाओं और प्रस्तावों के निष्पादन में भी बाधाएं आ रही थीं। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 4 जून को जिला परिषद अलवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। विभागीय आदेशों की पालना में सोमवार को निवर्तमान उप सरपंच मंजू शर्मा को ग्राम पंचायत चांदपुरी का प्रशासक नियुक्त कर कार्यभार सौंपा गया। कार्यभार ग्रहण के साथ ही पंचायत के लंबित कार्यों को गति मिलने और विकास योजनाओं के सुचारू संचालन की उम्मीद बढ़ गई है। कार्यक्रम के दौरान विकास अधिकारी रीना यादव, पंचायत सहायक कैलाश स्वामी, महावीर स्वामी, महेंद्र योगी, कमलेश चौहान, देशराज शर्मा, मनोहर लाल, बद्री प्रसाद सैनी, पप्पू चंदेला, कैलाश वर्मा, पवन स्वामी, लीला राम सैन, श्याम सुंदर स्वामी, शंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पंचायत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# एसटी मोर्चा की बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी, छात्रावास निर्माण की मांग उठी

स्मार्ट हलचल



सावर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा अजमेर देहात की जिला अध्यक्षता में रविवार को सराना क्षेत्र में जनजाति समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन स्थानीय सरपंच नीलू जैन के फार्म हाउस पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र लोगों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना तथा पीएम स्वनिधि योजना सहित अनेक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष रंगलाल भील ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक में नसीराबाद मंडल अध्यक्ष सांवर लाल भील, बजरंग मंडल अध्यक्ष सरवाड़ रामधन भील, वीर सावरकर मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद भील, मसूदा ज़िला मंत्री जीवराज भील ज़िला परिषद सदस्य सांवरलाल लोहरवाड़ा वार्ड मेंबर लाला राम, बावन माता मंडल अध्यक्ष रामनिवास मीणा, महादेव मीना सुरेंद्र मीणा,सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने क्षेत्र में जनजाति विद्यार्थियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरवाड़ क्षेत्र में छात्रावास (हॉस्टल) निर्माण, जोताया में सबरी बाई मंदिर निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। इस संबंध में विधायक के माध्यम से सरकार तक प्रस्ताव पहुंचाने ज्ञापन सौंप कर आवश्यक कार्रवाई करवाने की बात कही गई।

बैठक का समापन समाज के विकास, शिक्षा के प्रसार और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एकजुट होकर विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का भरोसा दिलाया।

# 201 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत बामनवास कांकड़ के गांव नांगलहेड़ी में सोमवार को कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा आयोजन को लेकर गांव में धार्मिक माहौल बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व 201 महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर गांव के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद सीताराम मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। आयोजकों ने बताया कि संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कथावाचक आचार्य दीपक अवस्थी द्वारा प्रतिदिन सुबह 11.15 बजे से दोपहर 3.15 बजे तक किया जाएगा। कथा के प्रथम दिन आचार्य अवस्थी ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके श्रवण से मिलने वाले आध्यात्मिक एवं नैतिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कथा का समापन 29 जून को सुबह 8.15 बजे हवन-पूजन के साथ होगा। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के गांवों से आने वाले श्रद्धालु पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर रामकिशोर गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, दीपक सैन, मुखराम दौराता, हुकुम भोकण, राजू शर्मा, हुकुम शर्मा, शिम्भू दौराता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर काछोला थाने पर हुई सीएलजी बैठक

स्मार्ट हलचल| काछोला



मोहर्रम पर्व को लेकर काछोला थाने में सीएलजी बैठक थाना प्रभारी सीआई मालीराम चौधरी के सानिध्य में हुई।बैठक के दौरान मुहर्रम पर्व पर निकलने वाले ताजिये को लेकर चर्चा की।सदस्यों के साथ शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने पर चर्चा की।ताजिये मार्ग को लेकर साफ सफाई, बिजली के ढीले तारो को सही करवाने की मांग की।थाना प्रभारी मालीराम ने लाइसेंसधारी हाजी शरीफ मोहम्मद मंसुरी से जानकारी ली और बताया कि गुरुवार 25 जून को रात में व शुक्रवार 26 जून को दिन में ताजिया निकाला जाएगा और मंगलवार शाम को छड़ी मुबारक जुलूस निकलेगा। थाना प्रभारी ने मीटिंग में सभी लोग शांति प्रेम व्यवस्था से धार्मिक उत्सव व त्यौहार मनाए और आपस में आपसी सौहार्द, भाईचारा, अमन, चैन तथा शांति बनी रहे ।इसी को लेकर चर्चा की गई जुलूस के समय एवं मार्ग को लेकर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर संदीप सोनी, वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, डॉ एन के सोनी, सत्यनारायण बलाई, लाइसेंसधारी हाजी शरीफ मोहम्मद मंसुरी, मोहम्मद शाबिर रँगरेज, लाइनमैन ईश्वर धाकड़, असलम रँगरेज, गोपेश कुमार, विकास मीणा, कुमार, दानिश मोहम्मद, दिलशाद मोहम्मद, हेमराज सहित आदि उपस्तिथ थे।

# नारायणपुरा में देवनारायण भगवान मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल



**मोड़ का निंबाहेड़ा।** आसींद क्षेत्र के ग्राम नारायणपुरा में स्थित भगवान देवनारायण के नवीन मंदिर में शिखर कलश स्थापना एवं मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय देवनारायण महोत्सव का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के तहत पंचकुण्डीय विष्णु महायज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय तीर्थस्थल सवाई भोज के महंत 1008 श्री सुरेशदास जी महाराज भी शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

महोत्सव की शुरुआत रविवार सुबह गणपति पूजन से हुई। इसके बाद अकपनिया देवजी से देवनारायण मंदिर नारायणपुरा तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 511 महिलाओं ने भाग लेकर श्रद्धा और आस्था का परिचय दिया। कलश यात्रा के साथ मंडप प्रवेश कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। सोमवार को प्रातः देव हवन एवं भगवान देवनारायण, नीलाघर घोड़ा, साडू माताजी तथा चारों दिशाओं के देवताओं की प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही मंडप पूजन, देवता पूजन, अग्नि स्थापना एवं हवन का शुभारंभ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान प्रतिदिन प्रातः 8:15 बजे से 11 बजे तक तथा दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।

महायज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य सुरेश शास्त्री एवं उप यज्ञाचार्य पंडित रामचन्द्र बोहरा के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। महोत्सव के तहत शुक्रवार रात्रि 8:15 बजे से विशाल भजन संध्या एवं जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस का आनंद लेंगे। वहीं शनिवार को प्रभात फेरी के साथ मूर्ति स्थापना कार्यक्रम होगा तथा अभिजीत मुहूर्त में शिखर कलश स्थापना एवं पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार 21 जून से 27 जून तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। नारायणपुरा के समस्त ग्रामीणों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज ने किया छप्पन भोग का आयोजन

**विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती में बड़ी संख्या में समाजजन हुए शामिल**

स्मार्ट हलचल| काछोला



महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज काछोला द्वारा माहेश्वरी भवन में भगवान महेश (भगवान शिव) को छप्पन भोग अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान महेश की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न हुई, जिसमें समाज के महिला-पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छप्पन भोग अर्पण के समय पूरा माहौल भक्तिमय हो गया तथा 'हर-हर महादेव' और भगवान महेश के जयकारों से माहेश्वरी भवन गूंज उठा। आयोजन में माहेश्वरी समाज के बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। समाजजनों ने महेश नवमी के पावन पर्व को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाते हुए भगवान महेश का आशीर्वाद प्राप्त किया।

तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत काछोला स्थित माहेश्वरी भवन में छप्पन भोग का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम एवं क्षेत्र के माहेश्वरी समाज के बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सहभागिता कर भगवान महेश की पूजा-अर्चना एवं महाप्रसाद का लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में काछोला माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सूरतराम गगरानी, गोपाल मालू, बजरंग मंत्री, अरविंद जी डागा, दिनेश जी दाखेड़ा, राकेश जी मालू, अनिल जी डागा, विनय मालू, सिंकु गगरानी, बनवारी लाल लड़ा, विनय डागा, नितिन मंत्री,मुरली मनोहर मूंदड़ा एवं मोहित गगरानी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। वही काछोला में मांडलगढ़ तहसील स्तरीय महेश जयंति पर शोभायात्रा के साथ समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का वातावरण धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं भाईचारे से ओतप्रोत रहा।

# सस्टेनेबल माइनिंग की ओर बढ़े कदमः हाइड्रोजन फ्यूल पर काम शुरू करने वाली देश की पहली खनन कंपनी बनी हिंदुस्तान जिंक

**क्लीन एनर्जी समाधान के लिए एडवांटेक और एरो ईगल के साथ किया ऐतिहासिक एमओयू; भूमिगत खनन और भारी मशीनरी में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग पर रहेगा मुख्य फोकस**

स्मार्ट हलचल |उदयपुर




देश के धातु एवं खनन क्षेत्र में पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी भारत के खनन क्षेत्र में हाइड्रोजन फ्यूल तकनीक पर काम शुरू करने वाली पहली अग्रणी कंपनी बनने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी सफर के लिए हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों 'एडवांटेक एसोसिएट्स एलएलपी' और 'एरो ईगल ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड' के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत कंपनी अपने विभिन्न ऑपरेशन्स और प्लांट परिसरों में ग्रीन हाइड्रोजन सहित अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग की संभावनाओं को धरातल पर उतारेगी।

### भूमिगत खनन और भारी मशीनरी का बदलेगा स्वरूप:

इस महत्वपूर्ण साझेदारी का मुख्य उद्देश्य अत्याधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों का गहन मूल्यांकन करना है, जिससे पारंपरिक खनन कार्यों को कम कार्बन उत्सर्जन वाला और भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार बनाया जा सके। हिंदुस्तान जिंक विशेष रूप से अपने 'अंडरग्राउंड माइनिंग' (भूमिगत खनन) और भारी उद्योगों में हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग करने जा रही है, जहां आमतौर पर उत्सर्जन को कम करना एक बेहद जटिल चुनौती माना जाता है। इस प्रोजेक्ट के तहत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, स्टोरेज, सुरक्षित सप्लाई सिस्टम और हाइड्रोजन चालित भारी मशीनों की गहन जांच की जाएगी। साथ ही 'एच2 एण्ड आईस' और 'फ्यूल सेल' तकनीक के इस्तेमाल की संभावनाओं पर भी कार्य होगा।

### वर्ष 2050 या उससे पहले 'नेट जीरो' बनने का है लक्ष्य — सीईओ अरुण मिश्राः

कंपनी के इस विजनरी कदम पर प्रकाश डालते हुए हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण मिश्रा ने कहा कि, 'हम सस्टेनेबल माइनिंग के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और नई तकनीकों पर लगातार निवेश कर रहे हैं। हाइड्रोजन ईंधन के आने से हमारी भारी मशीनों और जेनरेटरों से होने वाला कार्बन उत्सर्जन काफी हद तक कम होगा और क्लीन एनर्जी का एक नया रास्ता खुलेगा। यह साझेदारी हमें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी।' उन्होंने बताया कि यह कदम कंपनी के वर्ष 2050 या उससे पहले पूर्ण रूप से 'नेट जीरो' उत्सर्जन हासिल करने के वैश्विक लक्ष्य का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### चरणबद्ध तरीके से लागू होगा पायलट प्रोजेक्टः

यह उच्च-तकनीकी परियोजना पूरी तरह चरणों में पूरी होगी। इसके प्रथम चरण में तकनीकी व्यवहार्यता, सुरक्षा मानक, पर्यावरणीय प्रभाव और लागत से जुड़ी विस्तृत स्टडी की जाएगी। इसके सफल परिणाम आने के बाद इसे बड़े स्तर पर लागू किया जाएगा, जिसमें कंपनी की भारी मशीनरी, परिवहन वाहन, पावर जेनरेटर और अन्य माइनिंग उपकरण शामिल होंगे। आपको बता दें कि हिंदुस्तान जिंक वर्तमान में भी अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय (रिन्यूएबल) स्त्रोतों से पूरा कर रही है। वेदांता समूह की इस कंपनी को लगातार तीसरे साल 'एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2025' में दुनिया की सबसे सस्टेनेबल मेटल और माइनिंग कंपनी का शीर्ष दर्जा भी हासिल हो चुका है।

# पीएचसी में शुरू हुई सफाई व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद

स्मार्ट हलचल |खखरेरू/फतेहपुर

धाता विकासखंड के मुबारकपुर गेरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की तैनाती न होने, परिसर में फैली गंदगी, उगी झाड़ियों और दो माह से खराब पड़े पेयजल नल की समस्या को लेकर हिंदू सुरक्षा परिषद और क्षेत्रीय ग्रामीणों ने शनिवार को सैकड़ों लोगों के साथ विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले को स्मार्ट हलचल द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चार-पांच सफाईकर्मियों को लगाकर अस्पताल परिसर में फैली गंदगी और झाड़ियों की सफाई का कार्य शुरू कराया गया। वहीं, पिछले दो माह से खराब पड़े हैंडपंप को भी ठीक कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों और तीमारदारों को पीने के पानी की सुविधा मिल सकेगी।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से अस्पताल परिसर में गंदगी और झाड़ियों का अंबार लगा था, जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सफाई अभियान शुरू होने से परिसर की स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है।

हालांकि, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अब तक स्थायी अथवा अस्थायी चिकित्सक की तैनाती नहीं हो सकी है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और क्षेत्रीय लोगों को उपचार के लिए दूसरे अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है।

रक्षपालपुर-अझुवा मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण इस अस्पताल का महत्व और बढ़ जाता है। यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से जुड़ा होने के कारण यहां दिन-रात वाहनों की आवाजाही बनी रहती है और दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। ऐसे में चिकित्सक के अभाव में दुर्घटना पीड़ितों को 15 से 20 किलोमीटर दूर अन्य अस्पतालों में ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीजों की जान तक चली जाती है।

# जनकल्याण शिविर बना ग्रामीणों के लिए वरदान, 22 विभागों ने मौके पर दीं सेवाएं

स्मार्ट हलचल



**सावर(अजमेर)।** ग्राम पंचायत नयागांव मीणा में जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया, जिसमें 22 विभागों ने भाग लेकर आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही और विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

शिविर में शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार बलाई, विकास अधिकारी संगीता व्यास, नायब तहसीलदार अर्पिता चौधरी, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रतिनिधि अंतिमा कुमारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, प्रशासक रामप्रसाद मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सुरजीत मीणा, कनिष्ठ सहायक दिलीप सिंह, राकेश गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जहां ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

शिविर में 12 पट्टों का वितरण किया गया तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 7 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के 2 लाभार्थियों को तीसरी किस्त जारी की गई। इसके अलावा 2 पेंशन सत्यापन, 1 दिव्यांगजन स्कूटी आवेदन, 17 जन आधार संशोधन तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 3 नए बैंक खाते खोले गए। महिला अधिकारिता विभाग ने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं के प्रति सकारात्मक संदेश दिया।

कृषि विभाग द्वारा 50 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, जबकि चिकित्सा विभाग ने 99 और आयुर्वेद विभाग ने 31 रोगियों को उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। परिवहन विभाग ने 9 लाभार्थियों का स्मार्ट कार्ड पंजीकरण किया।

राजस्व विभाग द्वारा 2 खातों का शुद्धिकरण, 3 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरणों का निस्तारण, 5 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पंजीकरण तथा 2 सीमा ज्ञान-पत्थरगढ़ी प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही नामांतरण, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र संबंधी कार्य भी किए गए।

शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाया तथा सरकार की इस पहल की सराहना की।

# सीन्ता में ग्रामीण सेवा शिविर का संभागीय आयुक्त ने किया निरीक्षण

## ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, मौके पर ही किया निस्तारण

स्मार्ट हलचल |बूंदी



तालेड़ा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीन्ता में सोमवार को आयोजित 'ग्रामीण सेवा शिविर' का संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में मौजूद विभिन्न विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि ग्रामीण सेवा शिविर में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जावें। शिविर में 23 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण संभागीय आयुक्त की मौजूदगी में ही मौके पर कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तय समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। संभागीय आयुक्त ने परिवादियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया।

### रुकी पेंशन हुई बहाल, पट्टों का हुआ वितरण

संभागीय आयुक्त ने शिविर के दौरान आवासीय पट्टों का वितरण कर लाभार्थियों को लाभान्वित किया। निरीक्षण के दौरान एक वृद्ध महिला ने अपनी रुकी हुई पेंशन की व्यथा सुनाई, जिसके बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होते ही महिला की 6-7 माह से अटकी पेंशन बहाल कर दी गई। ग्रामवासियों ने संभागीय आयुक्त को एक माह से लंबित बिजली के ढीले तारों की समस्या के बारे में अवगत कराया। इसे गंभीरता से लेते हुए संभागीय आयुक्त ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अभियंता को तत्काल प्रभाव से तारों को दुरुस्त करने और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

इस दौरान कार्यवाहक उपखंड अधिकारी बनवारी लाल बैरवा, तहसीलदार बनवारी लाल सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# खरीफ बुवाई पूर्व किसान गोष्ठी हुई



स्मार्ट हलचल

**छोटीसादड़ी।** उपखंड क्षेत्र के गांव जलोदा जागीर, में उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा कार्यालय के द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत एक दिवसीय खरीफ पूर्व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया इस प्रशिक्षण में किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व तकनीकी सुझाव बताए गए जैसे संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग, खरीफ फसलों की उन्नत किस्मे, जिप्सम उर्वरकों का प्रयोग, मृदा परीक्षण इत्यादि प्रशिक्षण के दौरान उपनिदेशक आत्मा गोपाल नाथ योगी के द्वारा आत्मा योजना की जानकारी व नवाचार के बारे में , स्वक्क के सीईओ मनजीत सिंह द्वारा किसान उत्पादक समूह के महत्व एवं किसानों के लिए लाभकारी योजना , सहायक कृषि अधिकारी दुर्गालाल बैरवा द्वारा कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं के बारे में जानकारी, साथ ही जैविक किसान मांगीलाल जनवा, बन्शीलाल धाकड़ राजपुरा, लक्ष्मी लाल धाकड़ ने जैविक खेती के बारे में किसानों को अपने अनुभव बताये, कृषि पर्यवेक्षक कंवरलाल मीणा, पुष्पा धाकड़,प्रमोद धाकड़, कालू सिंह मीणा, उपस्थित रहे इस प्रशिक्षण में पंचायत समिति छोटी सादड़ी के 125 किसानों,व आत्मा के किसान मित्रों ने भाग लिया।

# राजपूत समाज ने 50 जरूरतमंद महिलाओं को दी पेंशन की आठवीं किश्त

**सामाजिक सहयोग से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे कदम : कर्नल दुष्यंत सिंह सिसोदिया**

स्मार्ट हलचल | कोटा




राजपूत समाज द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित पेंशन योजना के अंतर्गत सोमवार को चौहान भवन, बापू नगर कंसुआ में 50 महिलाओं को आठवीं मासिक किश्त का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में लाभार्थी महिलाओं को पेंशन राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल दुष्यंत सिंह सिसोदिया ने कहा कि समाज की कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक दायित्व है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े सामाजिक परिवर्तन का आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से जरूरतमंद वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकेन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि समाज का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना तथा किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को अभावग्रस्त नहीं रहने देना है। उन्होंने कहा कि पेंशन योजना के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के आयोजक रविन्द्र सिंह हाड़ा, विवेक सिंह सिसोदिया एवं राजेश सिंह परिहार ने कहा कि समाज की एकजुटता और सहयोग से सेवा कार्यों का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी अभियानों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया।

समारोह के अंत में रविन्द्र सिंह हाड़ा ने सभी सहयोगकर्ताओं, दानदाताओं एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सहभागिता से ही जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना संभव हो पाया है।

# मोहब्बत और अकीदत से सजी हाजियों के इस्तकबाल की महफिल

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा



रविवार सायंकाल नगर के इश्क़्काबाद स्थित नमन रिसॉर्ट परिसर में पवित्र हज यात्रा पूर्ण कर हरमैन शरीफैन (मक्का मुकर्रमा एवं मदीना मुनव्वरा) से वतन लौटे हाजियों के सम्मान मे मोहम्मद अय्यूब खान, नमन खान एवं अल्फ़ेज़ खान द्वारा एक रूहानी महफ़िल का आयोजन किया गया जिसमें हज की सआदत हासिल कर लौटे क्षेत्र के समस्त हाजियों के साथ नगर के शहर क़ाज़ी हाजी मोहम्मद आबिद हुसैन साहब सहित विभिन्न मस्जिदों के पेश इमामों, उलेमा-ए-किराम, सामाजिक एवं धार्मिक तंजीमों के पदाधिकारियों का गुलपोशी के साथ सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मोहम्मद अय्यूब खान ने कहा कि हज इस्लाम का आखिरी फरिज़ा हे जो इंसान को सब्र, कुर्बानी, भाईचारे, इंसानियत और अल्लाह की इबादत का पैगाम देता है। हज से लौटने वाले खुशनसीब हाजी अपने साथ हरमैन शरीफैन की रूहानियत लेकर आते हैं जिनका सम्मान सौभाग्य की बात है।

हाजियों ने भी अपने मुकद्दस सफर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि हज जैसी इबादत का एहसास अल्फाज़ में बयान मुमकिन नहीं हे उन्होंने मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे, तरक्की, खुशहाली एवं समस्त इंसानियत की भलाई के लिए की गई दुआओं का भी उल्लेख किया।

समारोह के दौरान सौहार्द और एकता का सुंदर वातावरण देखने को मिला। ज़ब उपस्थित लोगों मे विशेषकर राजेश अग्रवाल ने हाजियों का इसतक़बाल कर दिली मुबारकबाद पेश की तथा उनसे दुआओं की दरख्वास्त की।

आयोजन के अंत मे विशेष स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, मीडियाकर्मी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे अंत में खान परिवार ने सभी आगंतुकों, हाजियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# उदयपुर की लाइफलाइन अब पकड़ेगी रफ्तार, राज्य सरकार के सतत प्रयासों से देवास तृतीय एवं देवास-चतुर्थ को मिली वन स्वीकृति

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर शहर की महत्वाकांक्षी देवास तृतीय एवं देवास चतुर्थ पेयजल परियोजना को वन स्वीकृति प्राप्त होने से परियोजना के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार के सतत प्रयासों, प्रभावी समन्वय एवं सभी संबंधित विभागों के निरंतर सहयोग का परिणाम है, जिससे उदयपुर की लाइफलाइन मानी जाने वाली इस परियोजना के निर्माण कार्यों को अब और अधिक गति मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, पंजाब के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया, जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा, भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राजस्थान सरकार, राजस्थान वन विभाग तथा परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति जल संसाधन विभाग ने हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

### 1690 करोड़ से अधिक की महत्वाकांक्षी परियोजना

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 25 अप्रैल 2023 को 1690.55 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई थी। परियोजना के तहत गोगुंदा क्षेत्र में देवास-तृतीय एवं देवास-चतुर्थ के तहत बांधों तथा लंबी सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है, जिनके माध्यम से जल का संचयन एवं उदयपुर की झीलों तक आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास कार्यों में प्रगति

प्रभावित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। 2349 प्रभावित किसानों में से 812 किसानों को 20.73 करोड़ रुपये से अधिक की मुआवजा राशि वितरित की जा चुकी है।प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के लिए भूमि आरक्षित कर आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही जारी है।

### निर्माण कार्यों को मिलेगी रफ्तार

परियोजना के बांध एवं सुरंग निर्माण कार्यों के लिए ठेके जारी किए जा चुके हैं। विभिन्न स्थलों पर निर्माण गतिविधियां प्रगति पर हैं। वन स्वीकृति मिलने से शेष प्रक्रियाओं को भी तेजी मिलेगी और परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन का मार्ग और अधिक सुगम होगा।

### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

वन स्वीकृति प्राप्त होने पर जल संसाधन विभाग ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राजस्थान सरकार, वन विभाग तथा परियोजना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### उदयपुर के भविष्य के लिए मील का पत्थर

विशेषज्ञों के अनुसार देवास-तृतीय एवं देवास-चतुर्थ परियोजना उदयपुर की बढ़ती आबादी, पर्यटन गतिविधियों और भविष्य की जल मांग को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परियोजना पूर्ण होने के बाद शहर को दीर्घकालिक जल सुरक्षा मिलेगी और यह योजना उदयपुर के विकास की आधारभूत जरूरतों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

# सरहदों के पार खुले अवसरों के द्वारः पासपोर्ट सेवा का देशव्यापी विस्तार

स्मार्ट हलचल |नई दिल्ली

एक दौर था जब भारत में पासपोर्ट बनवाना किसी 'विशेषाधिकार' या लंबी और जटिल कागजी लड़ाई जीतने जैसा माना जाता था। दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को एक छोटे से नीले पासपोर्ट के लिए कई दिनों का सफर तय करके बड़े शहरों के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन बीते 12 वर्षों में, देश की विदेश नीति और नागरिक सेवाओं के बुनियादी ढांचे में एक मौन क्रांति आई है। नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवा को दफ्तरों की फाइलों से निकालकर आम आदमी की दहलीज तक पहुंचा दिया है। यह अब केवल विदेश यात्रा का एक दस्तावेज भर नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक विकास और वैश्विक पहचान का एक मजबूत प्रतीक बन चुका है। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 'क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों के सालाना सम्मेलन (आरपीओ कॉन्फ्रेंस 2026)' में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस बदलाव के कुछ ऐसे जादुई आंकड़े साझा किए, जो इस बात की गवाही देते हैं। उन्होंने बताया कि साल 2014 में जहां पूरे देश में महज 77 पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) हुआ करते थे, वहीं विदेश मंत्रालय और डाक विभाग की अनूठी और कल्पित साझेदारी के चलते आज इनकी संख्या बढ़कर 545 के पार पहुंच चुकी है।

# मन की साधना



**चतुर्मास** का समय निकट आया तो भिक्षु सुशांत ने बुद्ध से आग्रह किया प्रभु, मैं नगरवधू सोमलता के सान्निध्य में अपना चतुर्मास व्यतीत करना चाहता हूं। कृपया इसकी आज्ञा प्रदान करें। यह सुनकर बुद्ध मुस्कराए। वह समझ गए कि यह वहां जाकर मन को साधकर सच्चा साधक होना चाहता है, लेकिन अन्य भिक्षुओं ने इस पर आपत्ति जताई। उन्हें संदेह था कि सुशांत कहीं अपने पथ से विचलित न हो जाए, पर बुद्ध ने भिक्षुओं के विरोध के बावजूद उसे आशीर्वाद देते हुए कहा, जाओ और आगे बढ़कर आना। सुशांत सोमलता के पास पहुंचा। वहां सब उसे देखकर आश्चर्यचकित रह गए। लेकिन सुशांत अपने संकल्प पर अडिग था।

इधर सोमलता के घुंघरुओं की आवाज गूंजती और उधर सुशांत अपनी साधना में लीन रहता। सोमलता सुशांत को रिझाने का प्रयास करती, मगर वह निर्लिप्त रहता। एक मास गुजर गया मगर सोमलता सुशांत को डिगा न सकी। हां, उससे थोड़ी सहानुभूति अवश्य होने लगी। उसने दूसरों को भी साधना के क्षणों में शांत रहने को कह दिया। चौथा मास आते-आते सुशांत ने अपने मन पर नियंत्रण पा लिया था। वह सोमलता या अन्य सुंदरियों की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखता था। संगीत उसे बुद्ध-वाणी की तरह लगता था और नृत्यालय देवालय की तरह। चार मास पूर्ण हुए और सुशांत अपने मठ की ओर वापस चला तो सबने आश्चर्य से देखा- भिक्षुणी बनी सोमलता उसके पीछे-पीछे अपना सर्वस्व त्याग कर जा रही थी। सोमलता अपने रूप-रंग से सुशांत को रिझा न सकी, मगर सुशांत के तप का प्रभाव सोमलता पर दिख रहा था। सुशांत वास्तव में आगे बढ़ गया था।

# भाग्य और पुरुषार्थ

राजा विक्रमादित्य के दरबार में कई ज्योतिषी थे। मगर वह कोई काम शुभ लग्न देख कर या ज्योतिषी की सलाह लेकर नहीं करते थे। एक दिन राज ज्योतिषी उनके पास आए और बोले, महाराज, आप के दरबार में कई ज्योतिषी हैं। आप की तरफ से उन्हें सभी सुविधाएं मिली हुई हैं, पर आप कभी हमारी सेवाएं नहीं लेते। आज मैं आप की हस्तरेखा देख कर यह जानना चाहता हूं कि आप ऐसा क्यों करते हैं?

राजा ने कहा, मेरे पास इतना समय नहीं रहता कि मैं आप लोगों से सलाह ले सकूं। जहां तक हस्तरेखा की बात है तो मैं इसमें विश्वास नहीं रखता। लेकिन आप कह रहे हैं तो देख लीजिए। हाथ देख कर राज ज्योतिषी चक्कर में पड़ गए। उनकी आवाज बंद हो गई। राजा ने पूछा, क्या हुआ। आप इतने परेशान क्यों हैं? राज ज्योतिषी ने कहा, राजन्, आप की हस्तरेखाएं तो कुछ और कहती हैं। ज्योतिष के अनुसार आप को तो दुर्बल और दीनहीन होना चाहिए था। लेकिन आप तो इसके विपरीत हैं। हजारों साल से ज्योतिष विद्या पर विश्वास करने वाले लोग आपकी रेखाएं देख कर भ्रमित हो जाएंगे। समझ में नहीं आ रहा कि ज्योतिष को सच मानूं या आप की रेखाओं को। विक्रमादित्य ने कहा, अभी तो आप ने मेरे बाहरी लक्षणों को ही देखा है, अब आप हमारे अंदर झांक कर देखिए। इतना कह कर राजा ने तलवार की नोक अपने सीने में लगा दी। राज ज्योतिषी घबरा कर बोले, बस महाराज, रहने दीजिए।

राजा ने कहा- ज्योतिषी महाराज, आप परेशान मत हों। ज्योतिष विद्या भी तभी सार्थक सिद्ध होती है, जब मनुष्य में कुछ करने का संकल्प हो। हस्तरेखाएं तो भाग्य नहीं बदल सकतीं, लेकिन मनुष्य में यदि पुरुषार्थ है, अभाग्य से लड़ने की शक्ति है तो उसकी नकारात्मक रेखाएं भी अपने रूप बदल सकती हैं। लगता है मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। राज ज्योतिषी अवाक हो गए।

**गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है।**

# गीता में है जीवन का ज्ञान



**गीता** का उपदेश जीवन की धारा है। चूंकि गीता में जीवन की सच्चाई छिपी है और इसमें जीवन में आने वाली दुश्वारियों के कारण व निवारण दोनों को ही विस्तार से समझाया गया है। इसलिए गीता के उपदेश विश्व भर में प्रसिद्ध हैं और हर वर्ग को प्रभावित करते हैं।

गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है। जिस प्रकार डॉक्टर रोगी को रोग के निवारण के साथ-साथ उसके कारण भी बताता है। ठीक उसी प्रकार से गीता का अगर गहनता से अध्ययन किया जाए तो इससे मन के रोगों का कारण और निवारण दोनों का पता चल जाता है। गीता मन के रोगों को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है।

गीता ज्ञान से मानव जीवन में मोह को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। मोह जीवन लीला को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। जीवन में दुखों का सबसे बड़ा कारण मोह ही है। जीवन को अगर सफल बनाना है और मोह से मुक्ति पानी है तो गीता की शरण में जाना पड़ेगा। गीता से ज्ञान पा कर मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। गीता का ज्ञान मनुष्य को उसकी आत्मा के अमर होने के विषय में बोध करवा कर अपने कर्तव्य कर्म को पूर्ण निष्ठा से करने को प्रेरित करता है। परमात्मा ने मनुष्य को देह केवल भोग के लिए प्रदान नहीं की है, अपितु हमें इसका उपयोग मोक्ष प्राप्ति के लिए करना चाहिए।

साधू व नदी कभी एक स्थान पर नहीं रुकते और निरंतर आगे बढ़ते हुए विभिन्न स्थानों पर जन-जन के हृदयों में अपने ज्ञान व भक्ति के प्रभाव से उन्हें लाभांवित व आनंदित करते हैं। प्रत्येक मानव को पूरी श्रद्धा व निष्ठा से पर-उपकार के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने ज्ञान से जगत को प्रकाश मान करने का प्रयास करते रहना चाहिए, असल में यही मानव धर्म है।

अगर श्रीमद्भगवद् गीता का अध्ययन नित्य करें, तो इस बात का आभास सहजता से होता है कि उसमें सिखाया कुछ नहीं गया है, बल्कि समझाया गया कि इस संसार का स्वरूप क्या है? उसमें यह कहीं नहीं कहा गया कि आप इस तरह चलें या उस तरह चलें, बल्कि यह बताया गया है कि किस तरह की चाल से आप किस तरह की छवि बनाएंगे? उसे पढ़कर मनुष्य कोई नया भाव नहीं सीखता, बल्कि संपूर्ण जीवन सहजता से व्यतीत करने के मार्ग पर चल पड़ता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें एक वैज्ञानिक सूत्र है कि 'गुण ही गुणों को बरतते हैं।' इसका मतलब यह है कि जैसे संकल्पों, विचारों तथा कर्मों से आदमी बंधा है, वैसा ही वह व्यवहार करेगा। उस पर खाने-पीने और रहने के कारण अच्छे तथा बुरे प्रभाव होंगे। सीधी बात यह है कि अगर आप यह चाहते हैं कि अपने ज्ञान के आईने में आप स्वयं को अच्छे लगें तो अपने संकल्प, विचारों तथा कर्मों में स्वच्छता के साथ अपनी खान-पान की आदतों तथा रहन-सहन के स्थान का चयन करना पड़ेगा।

अगर आप आने अंदर दोष देखते हैं तो विचलित होने की बजाय यह जानने का प्रयास करें कि आखिर वह किसी बुरे पदार्थ के ग्रहण करने या किसी व्यक्ति की संगत के परिणाम से आया है। जैसे ही आप गीता का अध्ययन करेंगे, आपको अपने अंदर भी ढेर सारे दोष दिखाई देंगे और उन्हें दूर करने का मार्ग भी पता लगेगा।

गीता किसी को प्रेम करना, अहिंसा में लिप्त होना नहीं सिखाती, बल्कि प्रेम और अहिंसा का भाव अंदर कैसे पैदा हो, यह समझाती है। सिखाने से प्रेम या अहिंसा का भाव नहीं पैदा होगा, बल्कि वैसे तत्वों से संपर्क रखकर ही ऐसा करना संभव है। कोई दूसरे को प्रेम नहीं सिखा सकता, क्योंकि जिस व्यक्ति का घृणा पैदा करने वाले तत्वों से संबंध है, उसमें प्रेम कहां से पैदा होगा?

श्रीमद्भगवद् गीता में चार प्रकार के भक्त बताए गए हैं। भगवान की भक्ति होती है तो जीव से प्रेम होता है। अतः भक्ति की तरह प्रेम करने वाले भी चार प्रकार के होते हैं-आर्ती, अर्थार्थी, जिज्ञासु तथा ज्ञानी। पहले बाकी तीन का प्रेम क्षणिक होता है जबकि ज्ञान का प्रेम हमेशा ही बना रहता है। अगर आपके पास तत्व ज्ञान है तो आप अपने पास प्रेम व्यक्त करने वालों की पहचान कर सकते हैं, नहीं तो कोई भी आपको हांक कर ले जाएगा और धोखा देगा।

# जीवन का आधार है आध्यात्मिक ऊर्जा




## विज्ञान की भाषा

विज्ञान इन अदृश्य शक्तियों को एनर्जी कहता है। उदाहरण के लिए बिजली से बल्ब जलता है, पंखे चलते हैं, लेकिन हम बिजली को कभी नहीं देख पाते हैं। हम उसका न केवल कार्य, बल्कि परिणाम भी देखते हैं। उसके स्वरूप के बारे में जान पाना कठिन है। ठीक उसी प्रकार प्रत्येक जीव में ऊर्जा मौजूद होती है, जिससे जीव में प्राण-शक्ति का संचार होता रहता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इस प्राण-शक्ति को हम देख नहीं पाते हैं।

**संसार** के सभी प्राणियों में ऊर्जा मौजूद है। वास्तव में यह ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है। इसे हम अणु, परमाणु, एनर्जी आदि नामों से जानते हैं। यानी अपनी सुविधा के अनुसार, हम ऊर्जा को अलग-अलग नाम दे देते हैं। यह एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसका हम केवल अनुभव ही कर सकते हैं, देख नहीं सकते। हम अपनी आंखों से तो पृथ्वी पर मौजूद सभी पदार्थों को देख लेते हैं, लेकिन ऊर्जा को देख पाना हमारे लिए संभव ही नहीं हो पाता है। लेकिन उन्हें महसूस जरूर कर सकते हैं। लेकिन फिर भी इन अदृश्य शक्तियों के अस्तित्व को अस्वीकार कर पाना हमारे लिए असंभव होता है।

## ऊर्जा और अध्यात्म का संबंध

अध्यात्म की भाषा में ऊर्जा को न केवल प्राण-वायु या आत्मा कहा जाता है, बल्कि जीव को ईश्वर का अंश भी माना जाता है। यह ऊर्जा ही है, जो सभी जीवों को जिंदा रखने में मदद करता है। हम देखते हैं कि अदृश्य शक्ति, यानी ऊर्जा के सहारे हमारे शरीर के सभी अंग सुचारू रूप से काम करते हैं। जैसे ही वह अदृश्य-शक्ति की लोप होती है, हमारे शरीर की सभी क्रियाएं बंद हो जाती हैं। शरीर के सभी अंग-आंख, नाक, कान, यहां तक कि इंद्रियां भी काम करना बंद कर देती हैं और शरीर निष्क्रिय हो जाता है।

हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि आखिर वह कौन सी शक्ति है, जो हमारे अंगों को संचालित करती है? आज का विज्ञान भले ही चांद, तारों और ग्रहों के बारे में हमें जानकारी देता हो, लेकिन आज भी इस अदृश्य-शक्ति को समझने की क्षमता अभी तक विज्ञान के पास नहीं है। शायद इसलिए कहा जाता है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त हो जाती है, वहीं से महा विज्ञान शुरू हो जाता है। वास्तव में यह महाविज्ञान अध्यात्म है, जीवन दर्शन है। हमारा जीवन-दर्शन न केवल जीवन के अनुभवों के बारे में बताता है, बल्कि जीवन के रहस्यों को भी समझने का प्रयास करता है। यही वजह है कि इसकी पढ़ाई विद्यालयों या महाविद्यालयों में नहीं होती है। ऋषि-मुनियों ने वर्षों पूर्व ऐसे ही रहस्यों को समझने की कोशिश की थी। यदि इस रहस्य को समझने की स्थिति में जीव आ जाता है, तो उसे जीवन-शक्ति का अनुभव भी होने लगता है।

जीवन-शक्ति का अनुभव प्राप्त करने के लिए हमे सबसे पहले ऊर्जा के अदृश्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त करना पड़ेगा, क्योंकि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जीवन-शक्ति का केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा या परखा नहीं जा सकता है। हमारी आंखें देखती हैं, कान सुनता है, लेकिन इस देखने और सुनने की प्रक्रिया को हम केवल अनुभव कर सकते हैं। यदि हम अपने अनुभवों को न केवल अपने अंतर्मन में उतार लेते हैं, बल्कि इस प्रक्रिया के आदी भी हो जाते हैं, तो इसे ही साधना कहा जाता है। यह साधना ही है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन-शक्ति का अनुभव करने लगता है। इसके लिए हमें आत्म-केंद्रित होना अति आवश्यक होता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com